तापमान

अधिकतम 26.4 डिग्री

न्यूनतम 12.8 डिग्री

# हरिभूमि बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 16 दिसंबर 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



पुराना रिवरव्यू की चौपाटी बन गई गौशाला

## खबर संक्षेप

### पुरानी कम्पोजिट बिल्डिंग में चिकित्सा शिविर आज

**बिलासपुर।** अपोलो हॉस्पिटल द्वारा 16 दिसम्बर को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन सुबह 10.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक पुराना कम्पोजिट बिल्डिंग में रजिस्ट्री ऑफिस के पास किया जा रहा है। शिविर का शुभारंभ कलेक्टर संजय अग्रवाल सुबह 10 बजे करेंगे। शिविर स्थल पर अपोलो हॉस्पिटल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सोफिया सुल्ताना, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ विजया लक्ष्मी, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक कौशले, गैस्ट्रोएंट्रोलाजी डॉ आकाश गर्ग, जनरल मेडिसीन डॉ मंदार गोकाटे उपलब्ध रहेंगे। निःशुल्क चिकित्सा शिविर में उपस्थित होकर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी एवं सलाह प्राप्त कर सकते हैं।

### बादलों ने रोकी सर्द हवाओं की रफ्तार, पारा भी चढ़ा

**बिलासपुर।** सर्द हवाएं अब कमजोर हो चुकी है। आसमान पर बादल छाने के बाद ठंडी में कमी आई है, यह कमी अब 2 से 3 दिन रहेगी। न्यूनतम तापमान में कमी और बढ़त का असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। सर्द, खांसी के साथ वायरल की चपेट में लोग आ रहे है। ऐसे में सर्द हवाओं में बिना गर्म कपड़ों के निकला लोगों के लिए घातक हो सकता है। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों में एक बार फिर शीत लहर चलने की नौबत आएगी। सोमवार को न्यूनतम तापमान 12.8 डिग्री दर्ज किया गया, यही कारण है कि सर्द हवाओं के सितम कम महसूस हो रहे है। न्यूनतम तापमान में बढ़त आसमान पर बादल छाने के कारण हो रहा है।

सीपत के पास कालीछापर में है जमीन

# पं. देवकीनंदन दीक्षित से दान में मिली जमीन का निगम ने शुरू किया सर्वे





जमीन का नापजोख करने पहुंची राजस्व विभाग की टीम, मौके पर उपस्थित लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पं. देवकीनंदन दीक्षित द्वारा नगर निगम को दान मिली जमीन पर बेजा कब्जा होता जा रहा है, इसलिए नगर निगम इस जमीन का सर्वे, सीमांकन करा रहा है। जमीन सर्वे के लिए राजस्व विभाग द्वारा राजस्व निरीक्षक व पटवारियों की टीम गठित की गई है। राजस्व विभाग की टीम ने सोमवार से जमीन की नापजोख शुरू कर दी है।

सीपत तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कारीछापर में नगर निगम की जमीन है। यह जमीन शहर के प्रतिष्ठित दानदाता पं. देवकीनंदन दीक्षित ने नगर पालिक निगम को दान में दी थी। शहर से दूर ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण दान में मिली पं. देवकीनदंन दीक्षित ट्रस्ट की जमीन की निगम मानिटरिंग नहीं कर पा रहा है, जिसके कारण उक्त जमीन पर ग्रामीणों द्वारा बेजा-कब्जा कर लिया गया है। कुछ जमीन पर बेजा कब्जा में खेती भी की जा रही है, वहीं अब भू माफिया की नजर भी इस जमीन पर है, यहां अवैध प्लाटिंग की तैयारी चल रही है। इसलिए नगर निगम अब इस जमीन की ओर ध्यान दे रहा है और जमीन का सर्वे, सीमांकन करा रहा है। इसके लिए राजस्व निरीक्षक और पटवारियों की टीम गठित की गई है।

इसमें खम्हरिया हल्का पटवारी व राजस्व निरीक्षक संध्या नामदेव सहित पटवारी बसंत तवर, चन्द्रकांत साहू, अमर दहायत, दुर्गेश राठौर, आशुतोष मिश्रा, रूपारानी भगत श्वेता त्रिपाठी एवं नगर निगम के उप अभियंता जुगलकिशोर सिंह आदि ने सोमवार को कारीछापर पहुंचकर पं. देवकीनंदन दीक्षित से दान में मिली जमीन का सीमांकन शुरू किया। आज पूरे दिन राजस्व विभाग की टीम जमीन का नापजोख करती रही। इस जमीन की नापजोख पूरा होने में सप्ताहभर लग सकता है।

### राजस्व विभाग की टीम ने की जमीन की नापजोख



#### कुल 107 खसरों में 76. 87 एकड़ भूमि

सीपत तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत जुहली के आश्रित ग्राम कारीछापर में विभिन्न 107 खसर नंबरों की कुल 76. 87 एकड़ जमीन है। पं. देवकीनंदन दीक्षित ने आजादी के पहले साल 1943 में नगर पालिक परिषद को उक्त जमीन दान में दी थी। राजस्व रिकार्ड में जमीन का मालिक नगर निगम बिलासपुर है। राजस्व विभाग की टीम ने आज कुल 107 खसर नंबरों में 33 खसरों के जमीन की नापजोख की है। यह जमीन काफी दूर तक फैला हुआ है इसलिए पूरे जमीन का सीमांकन में थोड़ा समय लगेगा।

#### शहर में जमीन पर स्कूल, औषधालय दान किया

पं. देवकीनंदन दीक्षित ने सीपत, कारीछापर के अलावा बिलासपुर शहर भीतर भी काफी जमीन दान की है। उनके द्वारा दान की गई जमीन में से वर्ष 1936 में सिटी कोतवाली के सामने आयुर्वेदिक औषधालय और वनोषधि गार्डन बनाया गया था। वर्तमान में यहां नगर निगम का जोन आफिस लगता है। पं. देवकीनंदन दीक्षित ने बच्चियों की शिक्षा के लिए शहर में दो स्कूल भी बनवाए थे। इसमें खपरगंज में बालिकाओं के लिए प्रायमरी व मिडिल स्कूल तथा देवकीनंदन कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल शामिल है। इसके अलावा सरकंडा स्थित दान में दी गई जमीन पर सरकंडा मुक्तिधाम श्मशान घाट बना है। शहर के सदरबाजार में पं. देवकीनंदन दीक्षित का घर था। नगर निगम ने उक्त घर को एक ज्वेलरी दुकान वाले को किराए पर दिया हुआ है।


सर्वस्वदानी की ऐसी उपेक्षा : सामानों को निगम सुरक्षित नहीं रख सका

पं. दीक्षित की 77 एकड़ जमीन पर कब्जा, इधर सुई-धागे से लेकर सभी सामानों की नीलामी

हरिभूमि में 12 नवंबर को प्रकाशित खबर।

## फंड खत्म होते ही ईवी व्हीकल की सब्सिडी बंद

**बिलासपुर।** शहर की सड़कों पर ईवी व्हीकल की संख्या बहुत अधिक बढ़ चुकी है। लागातार ईवी व्हीकल की बिकवाली हो रही है, लेकिन पिछले 2 साल से लोगों को सब्सिडी नहीं मिल पाई है। साल 2025 के साथ ही 2024 में बिके 6 हजार ईवी व्हीकल के मालिकों को सब्सिडी नहीं मिल रही है। जिले में पौने 4.7 करोड़ सब्सिडी के लिए वाहन मालिक सब्सिडी का इंतजार कर रहे हैं।

परिवहन विभाग में बजट खत्म होने के बाद जिले में इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) खरीदने वाले को सब्सिडी नहीं मिल पा रही है। राज्य सरकार ने बजट में जिले के लिए 60 लाख रुपये का फंड आबंटित किया था और 2022 व 2023 में बिके वाहनों के लिए सब्सिडी जारी की जा चुकी है, लेकिन इसके बाद अब तक फंड नहीं आया है। विभाग में फंड का टोटा है, ऐसे में वाहन खरीदने वालों को सब्सिडी नहीं मिल पा रही है। खाते में रकम नहीं पहुंचने के कारण ईवी खरीदार अब बैंक, आटोमोबाइल डीलरों और आरटीओ के चक्कर लगा रहे हैं। 2024 में 3300 व 2025 में 2765 वाहनों के सब्सिडी बकाया है। इन वाहनों पर करीब पौने 4.7 करोड़ रूपए की राशि दी जानी है। ऐसे में हितग्राही अबतक सब्सिडी का इंतजार ही कर रहे हैं।

### दो साल से इंतजार कर रहे हितग्राही



#### 1 से लाख तक की सब्सिडी

जानकारी के अनुसार जिले में सर्वाधिक ईवी व्हीकल में टू व्हीलर गाड़ियां ही हैं, इस पर राज्य सरकार द्वारा 14 हजार की सब्सिडी का प्रावधान है। वाहन की कीमत का 10 फीसदी बतौर सब्सिडी के तौर पर भुगतान किया जाता है। इसमें आटो, चार पहिया और हैवी वाहन भी शामिल है। जानकारों के मुताबिक ब्रांडेड वाहनों पर 1 से डेढ़ लाख की सब्सिडी दी जाती है।

#### जानकारी भेज दी गई

वाहनों की सब्सिडी फंड के अभाव में रूकी है, हमने आला अधिकारियों को जानकारी भेज दी है। बजट की व्यवस्था होते ही सभी की सब्सिडी आ जाएगी। विलंब जरूर हो रहा है लेकिन दस्तावेज सही होने पर दिक्कत नहीं आती है।

- **आसीम माथूर**, आरटीओ, परिवहन विभाग

# समितियों में धान खरीदी की लिमिट बढ़ाने शासन को चिट्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सहकारी समितियों में धान खरीदी की प्रतिदिन की लिमिट बढ़ाने के लिए एमडी मार्कफेड को पत्र भेजा गया है। इसके अंतर्गत शासन द्वारा करीब सौ उपार्जन केंद्रों में प्रतिदिन खरीदी की लिमिट में बढ़ोतरी भी की जा चुकी है। लिमिट में बढ़ोतरी होने के बाद अब किसानों को अधिक मात्रा में व अधिक संख्या में टोकन प्राप्त हो सकेंगे, जिससे उन्हें राहत मिल सकेगी।

पंजीकृत रकबा के आधार पर धान खरीदी प्रारंभ होने से लेकर धान खरीदी के अंतिम दिवस तक के अनुपात में जिले की सभी सहकारी समितियों की प्रतिदिन धान खरीदी की लिमिट तय की गई थी। चूंकि धान खरीदी प्रारंभ हुए अब एक महीने के करीब हो चुके हैं, जिससे समितियों में धान की आवक भी लगातार बढ़ने लगी है । चूंकि प्रतिदिन की लिमिट कम थी, जिससे टोकन भी लिमिट के अनुपात में ही काटे जा रहे थे। ऐसे में बड़ी संख्या में टोकन प्राप्त करने से वंचित रहने वाले किसानों में नाराजगी भी पैदा हो रही थी। इस संबंध में जनप्रतिनिधियों की ओर से भी लगातार मांग करने के बाद प्रशासन द्वारा शासन को पत्र भेजकर समितियों की प्रतिदिन की खरीदी लिमिट बढ़ाने की मांग की गई थी। इसके अंतर्गत शासन द्वारा जिले की सौ सहकारी समितियों की लिमिट में बढ़ोतरी की जा चुकी है।

विभागीय सूत्रों के अनुसार लिमिट बढ़ाने से पहले गेट पास में धान बेचने वाले किसानों की उनके वाहनों में लदे धान के साथ किसानों की खींची गई फोटो की संख्या को भी आधार माना गया था। जिन समितियों के द्वारा इन नियमों का गंभीरता से पालन करते हुए अधिक से अधिक किसानों की फोटो ली गई है, उन समितियों में तत्काल प्रभाव से खरीदी की लिमिट में बढ़ोतरी कर दी गई है।

### सौ समितियों की लिमिट बढ़ी

- 140 उपार्जन केंद्रों में की जा रही धान खरीदी
- अब ज्यादा टोकन कटने से किसानों को भी मिलेगी राहत

#### अब एप से चौबीस घंटे ले रहे टोकन

किसानों को टोकन लेने में हो रही दिक्कतों को ध्यान में रखते हुए शासन द्वारा टोकन तुंहर हाथ एप से टोकन लेने की समयसीमा में बदलाव किया गया है। पहले इसके लिए सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक समय निर्धारित किया गया था, लेकिन अब चौबीस घंटे ही एप से टोकन लिए जा रहे हैं। किसानों को समयसीमा में बदलाव का भरपूर लाभ मिल रहा है।

#### 100 समितियों की लिमिट बढ़ गई

समितियों में धान खरीदी की प्रतिदिन की लिमिट बढ़ाने शासन को पत्र भेजा गया था, ताकि धान बेचने के लिए अधिक से अधिक किसानों को टोकन प्राप्त हो सके। इसके अंतर्गत सौ समितियों की लिमिट में बढ़ोतरी भी की जा चुकी है।

- **अमृत कुजूर**, खाद्य नियंत्रक

# हाईकोर्ट ने खारिज की प्रेस क्लब की याचिका

**बिलासपुर।** बिलासपुर प्रेस क्लब की भंग हुई कार्यकारिणी को हाईकोर्ट से झटका लगा है। कोर्ट ने क्लब की याचिका को सीधे तौर पर खारिज कर दिया है। जस्टिस पीपी साहू की सिंगल बेंच ने यह फैसला सुनाया याचिकाकर्ता प्रॉपर चैनल यानी सही कानूनी माध्यम से कोर्ट नहीं आएं।

हाईकोर्ट ने कहा कि जब आपके पास अपीली अधिकारी के पास जाने का कानूनी रास्ता खुला था तो आप सीधे हाईकोर्ट क्यों आए। इसलिए आपकी याचिका निरस्त की जाती है। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को यह अनुमति दी कि वे इस मामले में अपील में जा सकते हैं। इस अनुमति के साथ ही मामला खारिज कर दिया गया है। अब प्रेस क्लब की भंग कार्यकारिणी को अपनी बात रखने के लिए अपीली अधिकारी के पास जाना होगा।



■ अपील में जाने कहा

इससे पहले छत्तीसगढ़ सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1973 के तहत पंजीकृत बिलासपुर प्रेस क्लब की निर्वाचित कार्यकारिणी को रजिस्टर्ार फर्म्स एवं संस्थाएं छत्तीसगढ़ ने भंग कर दिया था। 18 नवंबर 2025 को जारी आदेश में रजिस्ट्रार ने 19 सितंबर 2025 को हुए चुनाव को अवैध घोषित कर दिया था। रजिस्ट्रार ने कार्यकारिणी को भंग करते हुए कलेक्टर बिलासपुर को नया प्रशासक नियुक्त करने को कहा था। कलेक्टर ने अपनी ओर से सहायक पंजीयक फर्म्स एवं सोसायटी ज्ञान प्रकाश साहू को प्रशासक नियुक्त किया है जो अब नियमावली के अनुसार चुनाव कराएंगे।



# हिमगीर-दघोरा के बीच आरओबी में गर्डर की स्थापना

**बिलासपुर।** रेल मंडल बिलासपुर के हिमगीर और दघोरा स्टेशन के बीच स्थित समपार गुमदा फाटक पर रोड ओवरब्रिज का काम प्रगति पर है। निर्माण कार्य को गति प्रदान करते हुए 36 मीटर स्पैन के सभी 5 गर्डरों का सफलतापूर्वक लांचिंग कार्य संपन्न किया गया है।

गर्डर का लांचिंग कार्य 500 टन क्षमता की टेलीस्कोपिक रोड क्रेन की सहायता से पूर्णतः सुरक्षित एवं सुचारू रूप से संपन्न किया गया। सभी गर्डर की सफल लांचिंग के साथ आरओबी निर्माण में एक महत्वपूर्ण चरण पूरा हो गया है। आरओबी निर्माण के पूर्ण होते ही गुमदा फाटक से होकर गुजरने वाले सड़क उपयोगकर्ताओं एवं वाहन को सुरक्षित, संरक्षित और निर्बाध आवागमन की सुविधा होगी।

# पौंसरा के बड़े फड़ में पुलिस का छापा, तीन जुआरी पकड़े गए

**बिलासपुर ।** पुलिस ने कोनी पौंसरा के खार में बड़े फड़ में दबिश दी। पुलिस ने तीन जुआरियों को पकड़ लिया है, वहीं शेष जुआरी भाग निकले। जुआरियों से 27 हजार रुपये,10 बाइक 1 मोबाइल जब्त किया गया है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया है।



कोनी टीआई भावेश शेंडे को सूचना मिली कि ग्राम पौंसरा के खार में जुआरियों का जमावड़ा लगा हुआ है। उन्होंने स्टाफ के साथ खार में घेराबंदी करते हुए दबिश दी। छापे की भनक लगते ही जुआरी भागने लगे। पुलिस ने दौड़ाकर जुआरी प्रभात ठाकुर पौसरा, रामजी केंवट पौंसरा, साहबान अली पतोड़ी रतनपुर निवासी को पकड़ लिया। अन्य जुआरी भाग निकले। पुलिस ने जुआरियों से 27 हजार रूपए, 10 बाइक, 1 मोबाइल जब्त किया है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया है । जुआ खिलाने वाले रतनपुर पतोड़ी निवासी संग्राम सिंह सहित अन्य फरार जुआरियों पर जुर्म दर्ज कर लिया है।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 812. कु. रुचिका शर्मा पिता\पति निरिश कुमार शर्मा पता- मेकाहारा रायपुर, 813. दीपक बावने पिता\पति श्याम बावने पता- प्रोफेसर कॉलोनी रायपुर, 814. पल्लवी सिन्हा पिता\पति योगेश सिन्हा पता- कुशालपुर रायपुर, 815. कौशल्या तिवारी पिता\पति स्व.श्री रामेश्वर प्रसाद तिवारी पता- आमापारा रायपुर, 816. सरिता पाल पिता\पति बिरबल पाल पता- संतोषी नगर रायपुर, 817. आरव रात्रे पिता\पति रामेश्वर रात्रे पता- सड्डू रायपुर, 818. ब्यास नारायण वर्मा पिता\पति स्व.राम लाल वर्मा पता- चंगोरा भाटा रायपुर, 819. अराफत खान पिता\पति अफसर खान पता- देवी सरस्वती नर्सिंग होम बीएसयूपी सड्डू कॉलोनी, 820. अनामिका देवांगन पिता\पति पोषण कुमार देवांगन पता- संतोषी नगर प्रगति विहार कॉलोनी टिकरापारा, 821. राजेश कुमार यादव पिता\पति स्व. श्याम कुमार यादव पता- मठपारा गणेश चौक रायपुर, 822. मनोरमा तारक पिता\पति ग्वाल तारक पता- तर्रा सुरसाबांधा, 823. परमेश्वर साहू पिता\पति गया राम साहू पता- रांकाडीह, 824. संगीता नागदेव पिता\पति प्रीतम दास पता- नयापारा वार्ड न.32 बजरंग चौक धमतरी, 825. रमेश कुमार दासरवार पिता\पति शंकर स्वामी दासरवार पता- श्री नगर राधा स्वामी सत्संग रुद्री, 826. कांति साहू पिता\पति मान दास साहू पता- लक्ष्मी नगर, 827. अशोक राजपूत पिता\पति ताराचंद राजपूत पता- डोंगरगांव, 828. दिग्विजय कुमार नेताम पिता\पति शिव लाल नेताम पता- ग्राम काफामार पोस्ट गेंदाटोला तह. छुरिया, 829. वर्षाजली श्रीवास्तव पिता\पति देवेन्द्र श्रीवास्तव पता- जगदलपुर, 830. चन्द्रप्रभा कनौजे पिता\पति सीता राम कनौजे पता- महासमुंद, 831. विजय कुमार देवांगन पिता\पति खोरबाहरा देवांगन पता- सिचाई कॉलोनी कवर्धा, 832. लक्ष्मी चन्द्र पिता\पति स्व.छत्रपाल चंद्रा पता-LIG-11 H.B कॉलोनी जोराताल, 833. विनोद कुमार वर्मा पिता\पति केदार नाथ वर्मा पता- प्रगति विहार पंचशील नगर बलौदाबाजार, 834. वंशिका साहू पिता\पति डिशेन कुमार साहू पता- ग्राम भैसा जिला रायपुर, 835. सुषमा साहू पिता\पति विनोद कुमार साहू पता- रिसदा, 836. शैलेन्द्र यादव पिता\पति भोला राम यादव पता- एस.पी.अस्पताल वार्ड कोंडागांव, 837. युवराज कुमार देवांगन पिता\पति हृदय लाल देवांगन पता- प्लाट न.- 65 श्याम नगर अटल आवास के पास भिलाई, 838. मेधांश पिता\पति अनिल गंगभोज पता- वार्ड न.-01 बनगांव पंचायत समिति, 839. दामिनी साहू पिता\पति नरेन्द्र कुमार साहू पता- CONTRACTORE कॉलोनी सुपेला भिलाई, 840. अश्वनी एवस जोगे पिता\पति श्याम राव जोगे पता- 608 वार्ड 6 सिधिया नगर दुर्ग, 841. रेणुका देवांगन पिता\पति दुलेश देवांगन पता- निकुम भिलाई दुर्ग, 842. सुषमा कुर्वे पिता\पति रमेश कुर्वे पता- S.I.F कॉलोनी L.I.G 35 बघेरा दुर्ग, 843. नारायण प्रसाद देशमुख पिता\पति एमन कुमार देशमुख पता- बमलेश्वरी कॉलोनी बोरसी, 844. शकुन पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 845. श्रवण कुमार अन्सारे पिता\पति चंद्रभान पता- 77 रामनगर सुपेला भिलाई, 846. शुभांगी देवांगन पिता\पति सतीश देवांगन पता- सड़क न.- 01 कसारीडीह दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण**- 847. तुरवी चौहान पिता/पति धनेश्वर लाल चौहान पता- कोरबा, 848. भव्या साहू पिता/पति बुधेशवर साहू पता- रायपुरा जंजगीर बालको, 849. उमेश तंबोली पिता/पति इंद्रा मार्केट पोड़िमार बालको, 850. काव्या कंवर पिता/पति सुशील कुमार पता- बालको, 851. लेविना साहू पिता/पति युगल किशोर साहू पता- धरदाई, 852. कल्पना गयाकवारड़ पिता/पति अमृत मोंडे पता- कोरबा, 853. पुष्पा यादव पिता/पति डोरी लाल यादव पता- मदरपारा, 854. कृतार्थ यादव पिता/पति दिलीप यादव पता- कोरबा, 855. चाहत दास पिता/पति निर्मल दास पता- बालको नगर, 856. ज्योति बरेठ पिता/पति यादव मोहला करिती पता- बालको, 857. आध्या श्रीवास पिता/पति नागेंद्र श्रीवास पता- निहारिका एल.ई.जी.-142, 858. विकास साहू पिता/पति फिरत राम साहू पता- संजय नगर गुप्ता गली कोरबा, 859. वीरेंद्र कुमार कुर्रे पिता/पति श्याम लाल कुर्रे पता- धमना मुड़ी, 860. गौतम पांडे पिता/पति चंद्रशेखर पांडे पता- दरदारखुर्द कोरबा, 861. राजेन्द्र कुमार सूर्यवंशी पिता/पति गुहारम सूर्यवंशी पता- परसाभाठा बालको, 862. योगेश बारीक पिता/पति भिखारी चरण बारीख पता- शारदा विहार कोरबा, 863. किशन कुमार गायकवार्ड पिता/पति देवगिरी गायकवार्ड पता- केदु विहार कोरबा, 864. दीक्षांत सिंह भारद्वाज पिता/पति रवींद्र कुमार भारद्वाज पता- होउसिंग बोर्ड बालको, 865. अंशु तिर्की पिता/पति भजन राम तिर्की पता- वार्ड- 40 नेहरू नगर बालको, 866. केशव प्रसाद यादव पिता/पति नन्द लाल यादव पता- गेवरा घाट कोरबा, 867. सोनम जैसवाल पिता/पति मनोज जैसवाल पता- नेहरू नगर बालको, 868. भगवान सिंह पिता/पति रामनरेश सिंह पता- रिंग रोड बालको, 869. मनोज कुमार श्रीवास पिता/पति जगदीश प्रसाद पता- लक्ष्मण बन तालाब नई बस्ती, **भोपाल संस्करण**- 870. मान्या प्रजापति पिता\पति रंजीत प्रजापति पता- जगदीशपुर इस्लामनगर, 871. कनक मीणा पिता\पति राजेन्द्र सिंह मीणा पता- 45 जय नगर कॉलोनी, 872. युवांश बैरागी पता- राम मंदिर के पास करोद भोपाल, 873. रवि साहु पिता\पति मदनलाल साहु पता- मकान नं 53 कपिला नगर करोद, 874. वेदांश यादव पिता\पति सुरेन्द्र सिंह यादव पता- मकान नं.116 फेस-2 पारस नगर करोद, 875. राम सिंह राजपूत पिता\पति- रामसिंह राजपूतबने सिंह राजपूत पता- नजीराबाद भोपाल, 876. पूजा पिता\पति सत्यदेव द्विवेदी पता- करोद भोपाल, 877. मानशी पिता\पति शंकादीन बढ़ई पता- एच.न 121 जनता नगर फेस-3 करोद, 878. दक्ष विश्वकर्मा पिता\पति प्रदीप कुमार विश्वकर्मा पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण**- 879. अर्चिता पांडेय पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- वार्ड नंबर 4 निगवानी रोड कोतमा, 880. महिमा शर्मा पिता\पति मुकेश शर्मा पता- मेंन रोड कोतमा, 881. हर्ष कुमार नामदेव पिता\पति अखिलेश नामदेव पता- विकास नगर वार्ड नंबर 10 कोतमा, 882. अनुराग चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मझौली वार्ड नंबर 16 पंडित मोहल्ला कोतमा, 883. प्राजली चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मेंन रोड कोतमा, 884. अक्षय गौतम पिता\पति जितेंद्र कुमार गौतम पता- विकास नगर वार्ड क्रमांक 9 कोतमा, 885. अनुमति नायक पिता\पति वीरेंद्र नायक पता- पाटन, 886. रिद्धि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- शिवनगर वार्ड नंबर 90 गढ़ा जबलपुर, 887. अरुण कुमार दुबे पिता\पति स्व बैजनाथ पता- दुबे 362 दुर्गा कॉलोनी घमापुर, 888. अर्पित जैन पिता\पति ऋषभ कुमार जैन पता- जगमोहन दास वार्ड कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि


HAPPY BIRTHDAY
16 दिसंबर
बेलतरा की आस
तुम्हारी शख्सियत से सबक लेगी नई नस्लें, वही पाता है मंजिल जो अपने पांव चलता है,।
कोई मिटा देता है नाम तक अपने खानदानों के, किसी के नाम से पूरा क्षेत्र पूरा गांव चलता है।।
बिलासपुर की शान, जन-जन की आवाज, युवा हृदय सम्राट, युवा तरूणाई
मा. श्री त्रिलोक श्रीवास जी
(राष्ट्रीय समन्वयक एवं प्रभारी प्रदेश कांग्रेस कमेटी गुजरात एवं उत्तर प्रदेश)
को जन्मदिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्री त्रिलोक श्रीवास मो. 9407740140
विनीतः समस्त पंचायत प्रतिनिधी पार्षद एवं कांग्रेसजन बेलतरा, बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र

हरिभूमि

बिलासपुर, मंगलवार 16 दिसंबर 2025

लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



# रास लीला के मंचन में बरसाने, वृंदावन की महिमा

**श्री युगल उपासक उत्सव मण्डल छत्तीसगढ़ के तृतीय वार्षिकोत्सव पर श्री राधा सखी परिकर बिलासपुर ने एएस फन सिरगिट्टी में रविवार को श्री राधा-कृष्ण लीला महोत्सव का शुभारंभ किया। इसमें रासाचार्य स्वामी शिवदयाल गिरिराज महाराज श्रीधाम वृंदावन एण्ड टीम ने श्रीकृष्ण रास लीला का मंचन कर बरसाने व वृंदावन की महिमा पर प्रकाश डाला।**

सिरगिट्टी में राधा-कृष्ण लीला महोत्सव शुरू, राधा सखी परिकर का आयोजन





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कार्यक्रम के आरंभ में राधा-कृष्ण को तिलक लगा कर पूजा की गई। श्रीकृष्ण रास लीला के मंचन में बताया कि राधा-कृष्ण लीला भगवान कृष्ण और राधा के दिव्य, प्रेमपूर्ण और आनंदमय जीवन की कथा है, जो भक्ति, समर्पण और अलौकिक प्रेम का प्रतीक है।

इनमें बाल लीला जैसे पुतना वध, माखन चोरी, रासलीला नृत्य, गान और भक्त-भगवान के अटूट संबंध को दर्शाया गया है। यह प्रसंग आध्यात्मिक आनंद प्रदान करने वाला है। ये लीलाएं ब्रजभूमि में जीवंत हैं और भक्तों को भक्ति मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। जहां राधा को कृष्ण से भी बढ़कर माना जाता है और उनके बिना कृष्ण का नाम अधूरा है। यह लीला ब्रज लीला के अंतर्गत आता है। जिस समय श्री कृष्ण अक्रूर के रथ पर बैठे थे। प्रस्थान करने के लिए प्रतीक्षा कर रहे थे और गोपियां उनसे वियोग की कल्पना कर आंसू बहाने लगी थीं। अंत में आरती कर भोग प्रसाद का वितरण किया गया। उल्लेखनीय है कि यह राधा सखी परिकर का 25 वां पाटोत्सव है।

### बांटी गई बधाइयां

महोत्सव में राधा-कृष्ण जन्मोत्सव हुआ। इनके जन्म की खुशी में जमकर बधाइयां बांटी गई। इसके बाद सखियों ने बड़े उत्साहित होकर भगवान के नजर उतारने, स्वागत पर आधारित भजन गाए एवं नाच कर भगवान के जन्म होने की खुशियां मनाई। मास्टर अनय कान्हा और प्रीति बजाज राधा की वेश में रही।

### ये रहे मौजूद

महोत्सव में रामावतार अग्रवाल, अभिनव गोपाल शरण, ओमप्रकाश अग्रवाल, नरेश सिंघानिया, आशा, उषा अग्रवाल, मधु बगड़िया, सीमा चौधरी, उषा, ज्योति सुल्तानिया, नूतन खेड़िया, कुसुम अग्रवाल, रानू मित्तल, प्रीति, पिंकी अग्रवाल, प्रियंका बजाज, अल्का मुरारका, अनिता, वर्षा, सुमन, मोनिका, पुष्पा अग्रवाल, चंद्रकला, सुनीता, अनिता, राधा, सरोज, सहित अन्य मौजूद रहीं।

सौंदर्य

## ठंड में भोजन की तलाश में जलपक्षियों का दिखा झुंड



**बिलासपुर।** प्रवासी ब्लैक-विंग्ड स्टिल्ट एक आकर्षक काले और सफेद रंग की जलपक्षी है, जिसके चमकीले गुलाबी पैर और एक पतली, सीधी चोंच होती है, जो अफ्रीका और यूरेशिया के अधिकांश हिस्सों में आर्द्रभूमि में पाया जाता है। पाइड एवोसेट एक बड़ा जलपक्षी है, जिसके लंबे पैर और एक विशिष्ट पतली,ऊपर की ओर मुड़ी हुई चोंच होती है, जिसे यह खारे पानी के लैगून और मुहानों में भोजन करते समय अगल-बगल घुमाता है। ये दोनों प्रजातियां छत्तीसगढ़ में शीतकालीन प्रवास करती हुई देखी गई जो भोजन की तलाश में है।

आयोजन

## धन्यवादी पर्व की आराधना में शामिल हुए मसीहीजन



**बिलासपुर।** डिसाइपल्स ऑफ ख्राइस्ट चर्च सिविल लाइन में रविवार को सुबह धन्यवादी पर्व की आराधना की गई। आराधनालय में हुए इस आराधना का संचालन रेव्ह. अनुराग नथानियल ने किया। उत्तरवादी पाठ संगीता गिरवाल ने किया। वहीं क्रिसमस आयटमों की खरीददारी भी शुरू हो गई है। क्रिसमस पर्व को लेकर शहर के गिरजाघरों में अनेक आयोजन किए जा रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को धन्यवादी पर्व की आराधना की गई। प्रार्थना का संचालन पास्टर एमडी जेम्स, प्रभु भोज का संचालन सैमसन जेकब एवं भेंटों की प्रार्थना का संचालन आरएन हीराधर ने किया। केएम राय तखतपुर ने संदेश दिया। इसके पहले संयुक्त मसीही संगठन द्वारा क्रिसमस गीत-संगीत प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें अनेक क्वायर टीमों ने भाग लेकर अपनी प्रस्तुति दी।

# गेड़ी नृत्य की यूनेस्को ने की सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

**छत्तीसगढ़ की नृत्य धरोहर को मिला अंतरराष्ट्रीय पहचान**



संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन यूनेस्को और भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित भारत सांस्कृतिक धरोहर समारोह का दिल्ली के लाल किला में हुआ। जिसमें यूनेस्को के 180 देशों के प्रतिनिधियो ने अपनी भागीदारी निभाई, लोकप्रिय सांस्कृतिक संस्था लोक श्रृंगार भारती गेड़ी लोक नृत्य दल को इस प्रदर्शन के लिए संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आमंत्रण प्राप्त हुआ था। जिसमें अनिल गढ़ेवाल के कुशल नेतृत्व में गेड़ी लोक नृत्य दल ने अपनी सफलतापूर्वक भागीदारी निभाई। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर तथा संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत तथा दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता थी। 180 देश के डेलीगेट्स एवं छह राज्यों के कलाकारों ने अपनी भागीदारी निभाई। गेड़ी नृत्य के प्रभाव से छत्तीसगढ़ मय हो गया मुख्य गायक एवं नृत्य निर्देशक अनिल गढ़वाल के गाए हुए गेड़ी गीत काट ले हरियर बांसे जो भला गीत से विदेशियों के मन में जिज्ञासा व्यक्त हुई। कि वे छत्तीसगढ़ी संस्कृति के बारे में और अधिक जाने अन्य देशों के प्रतिनिधियो ने गेड़ी नृत्य के विषय में विस्तृत जानकारी लिए। महेश नवरंग बांसुरी की स्वर लहरियों पर विभिन्न देशों से आए प्रतिनिधियों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

# दिव्यांग बच्चों ने खेल का लिया आनंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

**बच्चों में दिखा उत्साह, पुरस्कार देकर किया सम्मानित**



सक्षम राष्ट्रीय सामाजिक संगठन द्वारा जगमल ब्लॉक स्थित सुवाणी स्पेशल स्कूल मूक बधिर एवं मंदबुद्धि दिव्यांग बच्चों के स्कूल में सक्षम क्रीडा आयाम के अंतर्गत खेलकूद का कार्यक्रम करवाया गया।

जिसे दो ग्रुपों में बांटा गया एक मूक बधिर और दूसरा इंटेलेक्चुअल डिसेबिलिटी मूक बधिर बच्चों की आंखों में पट्टी बांधकर उन्हें एक यथास्थान बोतल रखने वाला खेल करवाया गया। बुद्धि बाधित बच्चों के बीच म्यूजिकल चेयर और बाल्टी में बॉल डालने का गेम करवाया गया, सभी बच्चों ने उत्साह पूर्वक और मनोरंजन के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया। प्रतियोगी बच्चों को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। स्कूल के प्रिंसिपल को सक्षम द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया, बच्चों को कलर पेंसिल ,रबड़ ,पेंसिल, बिस्कुट, चॉकलेट देकर उनका उत्साह वर्धन किया गया। स्कूल के लिए एक बैडमिंटन भी सक्षम के द्वारा उपलब्ध करवाया गया। इस कार्यक्रम में प्रांत सह सचिव अंजली चावड़ा, क्रीडा आयाम प्रमुख आरती अनंत, डॉ उषा, डॉ भूमिका साहू, सरिता, पूनम, राजेश पांडेय, निर्मल शेफाली घोष एवं स्कूल के प्राचार्य राजा जगजीत सिंह सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहें।

भ्रमण

## देसी दिवाज़ ग्रुप ने की बस्तर यात्रा दंतेश्वरी माता का किया दर्शन



**बिलासपुर।** देसी दिवाज़ ग्रुप बिलासपुर की व्यवस्थापिका सुनयना नायर और श्वेता पटेल ने ग्रुप की महिलाओं और बच्चों के साथ बस्तर की धार्मिक धरोहर दंतेश्वरी माता मंदिर का दर्शन कर अपनी यात्रा को यादगार बनाया। 14वीं शताब्दी में बने इस ऐतिहासिक मंदिर में ग्रुप ने न केवल पूजा-अर्चना की, बल्कि स्थानीय संस्कृति और परंपराओं को भी करीब से जाना। दंतेश्वरी माता जो बस्तर की कुलदेवी के रूप में पूजी जाती हैं, के चरणों में देसी दिवाज़ की सदस्यों ने श्रद्धा-भक्ति के संगम का अनुभव किया एवं मंदिर की सुंदर वास्तुकला, दक्षिण भारतीय शैली में हुए भव्य निर्माण को बेहतर बताया। ग्रुप ने बस्तर पैलेस का भी दौरा किया। यह बस्तर के राजाओं का ऐतिहासिक निवास स्थान है। इसके अलावा चित्रकोट वॉटरफॉल सहित बस्तर के प्रमुख पर्यटन स्थलों का भी आनंद लिया।

# सिम्स : रिदम महोत्सव की मैराथन के साथ शुरुआत



**बिलासपुर।** रिदम महोत्सव का भव्य शुभारंभ डीन डॉ रमणेश मूर्ति ने मैराथन को हरी झंडी दिखाकर आगे बढाया। डीन द्वारा रिबन काटकर एवं रिदम का ध्वज फहराने के साथ किया गया। इसके उपरांत सुबह 7 बजे मैराथन का आयोजन किया गया। मैराथन की शुरुआत सिम्स इंटरनेशनल ग्राउंड से हुई, जो सिम्स चौक एवं देविकानंदन चौक होते हुए संपन्न हुई। इस अवसर पर डॉ बी पी सिंह, डॉ अर्चना सिंह, डॉ मधुमिता मूर्ति मैम, डॉ वी. बी. साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।




स्पोर्ट्स

## चौकसे कॉलेज की छात्रा ओमी जैन का शतरंज में चयन

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त इंजीनियरिंग, फार्मेसी तथा प्रबंधन महाविद्यालय के अन्तर्गत महिला एवं पुरुष वर्ग के मध्य शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन लख्मीचंद इंस्टिट्यूट टेक्नोलॉजी बोदरी में किया गया। जिसमें चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज के कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग



विभाग की छात्रा ओमी जैन ने लगातार लीग मैचों में विजय स्थान प्राप्त करते हुए छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालयीन टीम में चयनित हुई। यह टीम ईस्ट जोन अन्तर्गत अन्तरविश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता में एआईयू की मेजबानी में हिस्सा लेगी। चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज की छात्रा उत्कृष्ट प्रदर्शन और आने वाली प्रतियोगिताओ के लिए महाविद्यालय के प्रबंद निदेशक डॉ आशीष जायसवाल, ओएसडी डॉ शरद कुमार कौशिक, प्राचार्य डॉ नितिन जैन, विभागाध्यक्ष डॉ शानू कुट्टन राकेश तथा समस्त चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज ने उत्साहवर्धन किया।

# कादल नाला ट्रैकिंग कर प्रकृति को करीब से जाना, पहाड़ पर दिन बिताया

कार्नर न्यूज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कादल नाला ट्रैकिंग एंड ट्रेनिंग प्रोग्राम में 180 प्रतिभागियों के साथ सम्पन्न हुआ, सुबह 7 बजे नेहरू चौक से कमांडर संदीप मुरारका ने फ्लैग दिखा कर प्रतिभागियों को रवाना किया। इसमें शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के 87 स्टूडेंट्स स्टाफ भी शामिल हुए। 80 कीमी की यात्रा करते हुए बेस कैंप पहुंच कर सभी को स्टार्ट प्वाइंट तक ड्रॉप किया गया जहां से ट्रैकिंग प्रारंभ हुई।

कादल नाला चैतूरगढ़ पहाड़ की तराई में पड़ता है, जिसमें साल भर जल धारा बहती है ये आगे जाकर जावस नदी में मिल जाती है। जो अरपा नदी की सहायक नदी है, मनमोहक दृश्यों का आनंद लेते हुए प्रतिभागी कादल नाले के किनारे चलते हुए विभिन्न प्रजाति के पेड़ पौधों की जानकारी लेते रहे।



कार्यक्रम के अंत में बेस्ट कोऑर्डिनेशन के लिए कुछ लीडर्स को पुरस्कार भी दिए गए। समापन में शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ बी एस चावला ने सभी को अपने ट्रैकिंग अनुभव साझा किए, डॉ अजय श्रीवास्तव ने भी प्रतिभागियों को संबोधित किया। ये ट्रैकिंग प्रोग्राम छत्तीसगढ़ स्टेट का सबसे बड़ा प्रोग्राम था। इस प्रोग्राम को सफल बनाने में छत्तीसगढ़ स्टेट चेयरमैन संदीप सेठ, यूनिट के अध्यक्ष भास्कर चौरसिया, नीरज पाण्डेय, दुष्यंत साहू, समीर अहमद, मंसूर खान, देवेंद्र बारीक,आशीष कुमार खण्डेलवाल, राजेश मंगल का योगदान रहा।



### पत्थरों का किया अध्ययन

यहां अलग अलग धातु के पत्थरों का अध्ययन भी ट्रैकिंग के दौरान किया गया। कॉलेज ग्रुप से गए एनएसएस के स्टूडेंस ने रास्ते में पड़े प्लास्टिक कचरा इकट्ठा कर जंगल की सफाई में अपना योगदान दिया, कुछ जगह छोटे छोटे झरने भी पड़े जिनमें फोटोग्राफी करते हुए प्रतिभागी वापस बेस कैंप पहुंचे। जहां दोपहर का भोजन ग्रामीण लोगों के द्वारा किया तैयार किया गया था, यूथ हॉस्टल द्वारा इस तरह के ट्रैकिंग प्रोग्राम का आयोजन करने का उद्देश्य लोगों को प्रकृति के करीब लाना,उनके व्यक्तित्व विकास और आत्मबल में बढ़ोतरी के लिए किया जाता है,कैसे कठिन परिस्थितियों में सहभागिता के साथ एक दूसरे का सहयोग करते हुए आगे बढ़े।

## खबर संक्षेप

### चितावर में तालाब गहरीकरण कार्य का भूमिपूजन



**तखतपुर।** ग्राम पंचायत चितावर में तालाब गहरीकरण कार्य का भूमिपूजन सरपंच इंद्राणी देवा सिंगरौल ने किया। सरपंच श्रीमती सिंगरौल ने मजदूर की मांग को ध्यान में रखते हुए भूमिपूजन किया। इस कार्य में गांव के लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। इस अवसर पर पंच रूखमणि, अमृत, उपसरपंच परमेश्वरी रज्जू यादव, शगुन, अगसिया, प्रमिला, सुनीता, अगेश्वर तथा मेट रतनलाल, ओंकार, रंजीत, रामनाथ, गोविंद सहित अन्य भूमिपूजन में उपस्थित रहे।

### किसानों की समस्या को लेकर भारतीय किसान संघ करेगा आंदोलन



**मरवाही।** भारतीय किसान संघ द्वारा किसानों की 9 सूत्रीय मांग को लेकर 17 दिसंबर को सिवनी मोड़ मरवाही में चक्काजाम आंदोलन किया जाएगा। विगत सप्ताह जीपीएम कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया था जिसमें उनके द्वारा आश्वाशन दिया गया दो से तीन दिन में सभी मांगें पूरी हो जाएंगी। किसान संघ के अध्यक्ष राम नारायण राय ने बताया कि अभी तक किसी भी समितियों का धान खरीदी लिमिट नहीं बढ़ाया गया न ही वारिसान पंजीयन शुरू हुआ ओर न ही किसानों के साप्ताहिक पेमेंट को 25 हजार से बढ़ाकर एक लाख तक का भुगतान किसान के मांग अनुसार नहीं किया जा रहा है। इन मांगों को लेकर भारतीय किसान संघ द्वारा 17 दिसंबर को समय 11 से 4 बजे तक सिवनी मोड़ मरवाही में चक्काजाम आंदोलन किया जाएगा।

### आत्मानंद स्कूल में बच्चों को स्वेटर का वितरण



**पेंड्रा।** राज्य के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत के जन्मदिवस के अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष राकेश जालान के सौजन्य से आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय पेंड्रा में विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए गए। इस मौके पर राकेश जालान ने कहा कि, बच्चों का भविष्य सुरक्षित और सशक्त बनाना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। शिक्षा के साथ-साथ उनकी मूलभूत आवश्यकताओं का ध्यान रखना आवश्यक है। विद्यालय के प्राचार्य ने नगरपालिका अध्यक्ष एवं सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, इस प्रकार के सहयोगात्मक प्रयासों से विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ता है, और वे अध्ययन के प्रति अधिक प्रेरित होते हैं। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष प्रशांत श्रीवास, पूर्व एल्डरमैन मदन सोनी सहित विद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जिले में सघन कुष्ठ खोज अभियान 31 तक

**मुंगेली।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत कुष्ठ रोग के संक्रमण की रोकथाम एवं समय पर उपचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार 31 दिसंबर तक जिले में सघन कुष्ठ खोज अभियान संचालित किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा के मार्गदर्शन में अभियान के अंतर्गत कुष्ठ रोग का प्रारंभिक अवस्था में पता लगाकर उसके प्रसार को रोकने एवं कुष्ठ से होने वाली विकलांगता से बचाव की दिशा में कार्य किया जाएगा। जिला कुष्ठ उन्मूलन अधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा वर्ष 2027 तक देश को कुष्ठ रोग से मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर भ्रमण कर कुष्ठ रोग के संभावित मरीजों की पहचान करेंगी। संदिग्ध व्यक्तियों की जांच कर रोग की पुष्टि की जाएगी तथा पाए जाने वाले पाजीटिव मरीजों का तत्काल एवं निःशुल्क उपचार प्रारंभ किया जाएगा। इस अभियान को सफल बनाने के लिए जिले में कुल 878 सर्वे टीमें गठित की गई हैं, जो 14 कार्य दिवसों में सर्वे कार्य पूर्ण करेंगी।

### मूलभूत योजनाओं के तहत तीन करोड़ से अधिक की राशि जारी

**मुंगेली।** जिला पंचायत मुंगेली के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत चयनित हितग्राहियों को द्वितीय किश्त के रूप में 3 करोड़ 66 हजार 800 रूपए जारी किया गया है। उपलब्ध दस्तावेजों के अनुसार विभिन्न मदों में स्वीकृत हितग्राहियों को निर्धारित राशि का अंतरण किया गया, जिससे योजना के तहत कार्यों को गति मिलने की उम्मीद है। जिला पंचायत कार्यालय से जारी विवरण में हितग्राहियों की संख्या, स्वीकृत राशि तथा भुगतान की प्रगति का उल्लेख किया गया है। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश पूर्व में ही दिए गए थे, ताकि लाभार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। राशि अंतरण की प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से पूर्ण की गई है। उन्होंने कहा कि द्वितीय किश्त जारी होने से संबंधित कार्यों की निरंतरता बनी रहेगी और हितग्राहियों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। साथ ही शेष प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

## सामाजिक सद्भाव, समरसता के लिए हुआ हिंदू सम्मेलन

# भारत को पुनः श्रेष्ठ व आदर्श राष्ट्र बनाने उच्च मानकों को अपनाने की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेतगंगा/मुंगेली

ग्राम बोदा में सामाजिक सद्भाव, समरसता, ग्राम विकास एवं पर्यावरण संरक्षण के महती उद्देश्य से हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में मुख्य वक्ता सामाजिक कार्यकर्ता नरेश अग्रवाल ने प्रत्येक नागरिक के कर्तव्य को रेखांकित करते हुए कहा कि, भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक को अपने सामर्थ्य अनुसार योगदान देना होगा, चाहे वह गिलहरी जैसा छोटा ही क्यों न हो। राधाकृष्ण मंदिर गंडई के पुजारी संत राधा मोहन दास ने एकता और राष्ट्रीय कर्तव्य की भावना को बल दिया।

संत ने हिंदुत्व के वास्तविक अर्थ को स्पष्ट करते हुए इसे केवल एक धार्मिक व्यवस्था न मानकर सामाजिक एवं राष्ट्रीय एकता का आधार बताया। उन्होंने सभी प्रकार के जातीय भेदभाव को तुरंत समाप्त करने और संगठित होकर रहने का पुरजोर आह्वान किया। भागवताचार्य संत गया प्रसाद व्यास रासधारी ने वैदिक मंत्रें के उदाहरणों का सार प्रस्तुत करते हुए भारत को पुनः श्रेष्ठ एवं आदर्श राष्ट्र बनाने के लिए समाज और व्यक्ति के जीवन में उच्च मानकों को अपनाने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। मनोहर यादव ने स्वागत भाषण में सामाजिक समरसता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला।



सम्मेलन में पूजा अर्चना करते अतिथि।

आकाश परिहार ने हिंदुत्व को धार्मिक संकीर्णता से ऊपर उठाकर राष्ट्रीयता एवं भारतीयता के भाव के रूप में समझाया और संत गुरु घासीदास के मनखे-मनखे एक समान के संदेश के माध्यम से समाज की अटूट एकता पर जोर दिया। जनपद सदस्य लालाराम साहू ने श्रीरामचरित मानस के उद्धरणों का प्रयोग करते हुए समरसता का प्रभावी संदेश दिया। जिला पंचायत सदस्य रजनी माणिक सोनवानी ने ग्राम विकास, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य, सामाजिक समरसता, स्वबोध एवं परिवार प्रबोधन के पांच कर्तव्यों के निर्वहन पर विशेष बल दिया। आयोजन को सफल बनाने में कलेश्वर साहू, हीरा कश्यप, कन्हैया बैस, हजारी साहू, फागू धृतलहरे, मुकेश साहू, देवेंद्र उपाध्याय, भवानी साहू, रामपूजन सिंह, शिवशरण सिंह, गोविंद बंजारे, विनय दुबे, चंद्रकुमार साहू, रामा साहू, शिवकुमार उपाध्याय, ओमप्रकाश साहू, टोपीलाल साहू, देवेंद्र परिहार, वीरभद्र परिहार, रोहित सागर, सुकलाल साहू, परमेश्वर उपाध्याय, मणिराम बंजारे, भरत बंजारे, धर्मेंद्र धृतलहरे आदित्य दुबे सहित अनेक समाजसेवियों का विशेष योगदान रहा।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

मानिक सोनवानी एवं संजय सिंह परिहार ने रामचरित मानस के उद्धरणों और अपने विचारों के माध्यम से सामाजिक समरसता एवं बंधुत्व की भावना को सुदृढ़ किया। सम्मेलन की शुरुआत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई। संस्कार विद्यापीठ के बच्चों ने सामाजिक समरसता गीत पर एक सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। बहरपुर की सतनाम फूल पंथी पार्टी ने पंथी नृत्य की प्रस्तुति दी। रात्रि में होल्हापारा पार्टी की ओर से रंगारंग भजन एवं पंथी नृत्य तथा श्रीराम कीर्तन सिपाही पार्टी और परसवारा पार्टी की ओर से श्रीराम कीर्तन एवं मातारानी जसगीत की प्रस्तुति ने समां बांध दिया। अंत में भारत माता की आरती के साथ आभार व्यक्त करते हुई कार्यक्रम का समापन किया गया। इस आयोजन में आसपास के सभी गांवों के नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं का सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ।



## बिसौनी में धरतीआबा बिरसा मुंडा की मूर्ति स्थापना के लिए हुआ भूमिपूजन

**लोरमी।** सुदूर वनाचंल के ग्राम बिसौनी में जननायक धरतीआबा बिरसा मुंडा की मूर्ति स्थापना के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम आदिवासी समाज के महान नायक बिरसा मुंडा के विचारों, संघर्ष और सामाजिक चेतना को स्मरण करने का प्रतीक रहा। भूमि पूजन कार्यक्रम प्रयास स्मॉल स्टेप फाउंडेशन द्वारा संचालित निःशुल्क वनवासी पाठशाला के प्रांगण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में वक्ताओं ने धरतीआबा बिरसा मुंडा के आदिवासी अधिकारों, जल-जंगल-जमीन की रक्षा और सामाजिक एकता के लिए किए गए संघर्ष को याद किया। साथ ही वनवासी अंचलों में शिक्षा और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में कार्य कर रहे प्रयास स्मॉल स्टेप फाउंडेशन की सराहना की गई। फाउंडेशन द्वारा निःशुल्क वनवासी पाठशाला के माध्यम से बच्चों को शिक्षा से जोड़ने और सामाजिक मूल्यों को मजबूत करने के प्रयासों को स्थानीय लोगों ने प्रेरणादायी बताया। इस इस कार्यक्रम में विशेष रूप से जनपद सदस्य सुरेंद्र मरावी सरपंच अमर सिंह धुर्वे जमीन दानदाता भोग लाल बैगा समुद्र बैगा एवं प्रयास टीम के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### प्लेसमेंट कैंप में 40 से अधिक पदों पर होगी भर्ती

**मुंगेली।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र मुंगेली द्वारा जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 16 दिसंबर को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज परिसर, ग्राम जमकोर में सुबह 11 बजे से आयोजित होगा। कैंप में विभिन्न संस्थानों द्वारा कुल 40 से अधिक से अधिक पदों पर भर्ती की जाएगी। इसमें सर्विस एडवाइजर, सेल्स एक्जीक्यूटिव, टेली कालर, आपरेटर, फ्लोर सुपरवाइजर, रिटेल ट्रेनिंग एसोसिकेट, फार्मेसी असिस्टेंट, फार्मासिस्ट के पदों पर भर्ती की जाएगी।

## अग्रसेन कॉलेज में चला स्वच्छता अभियान




**बिल्हा।** राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय परिसर में एक दिवसीय स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण का संदेश देना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने स्वच्छता को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने पर बल दिया और कहा कि स्वच्छ परिसर से न केवल स्वास्थ्य बेहतर होता है, बल्कि सकारात्मक सोच का भी विकास होता है। कार्यक्रम के समापन पर कार्यक्रम अधिकारी ने सभी स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे रचनात्मक कार्यक्रमों के आयोजन की बात कही।

## कलेक्टर ने की जल जीवन मिशन के कार्यों की गहन समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

- गर्मी से पहले सभी कार्यों को पूर्ण करने के दिए सख्त निर्देश

जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा हेतु कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में बैठक ली। बैठक में उन्होंने हर घर जल प्रमाणीकरण योजना की प्रगति की विकासखंडवार समीक्षा की और गर्मी के मौसम से पूर्व सभी कार्य युद्धस्तर पर पूर्ण किए जाएं, ताकि पेयजल को लेकर किसी भी प्रकार की शिकायत उत्पन्न न हो। कलेक्टर ने लोरमी विकासखंड में अपेक्षाकृत धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कारणों की जानकारी ली और लक्षित कार्ययोजना बनाकर शीघ्र सुधार के निर्देश दिए।




कलेक्टर ने निर्देशित किया कि अधिक जल संकट वाले गांवों का चिन्हांकित कर उन्हें प्राथमिकता में लिया जाए तथा बेहतर कार्ययोजना बनाकर आवश्यक संसाधन समय रहते उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में जल जीवन मिशन को लेकर किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। कलेक्टर ने समूह जल प्रदाय योजनाओं की प्रगति तथा गांववार समस्याओं की जानकारी लेकर नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण करने तथा ग्राम स्तर पर संभावित समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता कुन्दन राणा ने जानकारी दी कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले के 235 गांवों में हर घर जल योजना पूर्ण कर नियमित पेयजल प्रदाय किया जा रहा है। वहीं, वर्तमान वित्तीय वर्ष में 110 से अधिक गांवों में हर घर जल प्रमाणीकरण का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष गांवों में भी जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत के समन्वय से जल प्रदाय सुनिश्चित करने की कार्यवाही लगातार जारी है। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जिले के तीन शिक्षक शिक्षा शिल्पी अवार्ड से सम्मानित

**पेंड्रा।** जिले के तीन शिक्षकों को "शिक्षा शिल्पी अवार्ड" से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान 14 दिसंबर 2025 को उज्जैन (मध्य प्रदेश) स्थित श्री मौन तीर्थ हिंदी विद्यापीठ में आयोजित पांचवें राष्ट्रीय अधिवेशन के दौरान प्रदान किया गया। जिला से अर्चना सामुएल मसीह, स्वप्निल सिंह पवार तथा भीष्म त्रिपाठी को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि इन तीनों शिक्षकों को इससे पूर्व भी रायपुर में राज्यपाल एवं कलिंगा यूनिवर्सिटी द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। अर्चना सामुएल मसीह, वर्तमान में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मगुरदा (ब्लॉक मरवाही) में पदस्थ हैं तथा जिला संगठन आयुक्त (गाइड) और जिला रेड क्रॉस सोसाइटी में राज्य प्रतिनिधि के रूप में सेवाएं दे रही हैं। स्वप्निल सिंह पवार व्यायाम शिक्षिका हैं, जबकि भीष्म त्रिपाठी प्राथमिक शाला अंधियारखोर में प्रधान पाठक के पद पर कार्यरत हैं।

## मधुकर के कविता संग्रह उम्मीद का विमोचन



**मल्हार।** गुरु घासीदास महाविद्यालय पचपेड़ी के सभागार कक्ष में 13 दिसंबर को महेतरु मधुकर द्वारा रचित कविता संग्रह 'उम्मीद' का विमोचन किया गया। महेतरु मधुकर द्वारा रचित यह उनकी तृतीय काव्य कृति है। इससे पहले 2011 में 'चाह' व 2022 में 'गुरतुर भाखा' प्रकाशित हो चुकी है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में जिला परियोजना अधिकारी जितेन्द्र पाटले व विशिष्ट अतिथियों में जेपी वर्मा महाविद्यालय बिलासपुर के प्राचार्य डा. एसएल निराला, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मस्तूरी शिवराम टण्डन, बिलासा कला मंच बिलासपुर के अध्यक्ष महेश श्रीवास, संत गुरु घासीदास महाविद्यालय पचपेड़ी के प्राचार्य डा. रविन्द्र जायसी, हास्य एवं व्यंग्यकार राजेन्द्र मौर्य, वरिष्ठ साहित्यकार भरत मस्तुरिहा, गोवर्धन मार्शल, समाजसेवी भूषण सिंह मधुकर व संकुल शैक्षिक समन्वयक राहुल देव भारद्वाज रहे। इस मौके पर जगतारण डहरे, दुर्गा प्रसाद मेरसा, व्यास सिंह ठाकुर 'गुमसुम, पूर्णिमा तिवारी, शरद यादव 'अक्स' रविंद्र पाठक, मिलन मलरिहा, बुंदराम जांगड़े, टेकराम पाण्डल, उमेश श्रीवास, शैलेंद्र गुप्ता, कृष्णा मानसी मेरस, मदन ठाकुर, हरीश पाण्डल, नोबेल श्रीवास, गंगाराम, दीपक दुबे 'सागर' पिंकी सिन्हा, दिलीप भूषण कुर्रे 'दिलफरोश', दीपक जायसवाल, प्रदीप पाण्डेय, दिनेश पाण्डेय,राम कृपाल खंडेल, राजेश मधुकर ने काव्य पाठ किया। महाविद्यालय के स्टाफ, विद्यार्थियों के साथ अश्वनी टण्डन, रंजीत राय, गुलशन रजक, नोहर पाटले, रामखिलावन कुर्रे, राधेश्याम पाटले, दूजराम कुर्रे, कन्हैया मधुकर, परमेश्वर पाटले, फेंकू सिंह पाटले आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुनीता कुर्रे ने किया।

## उपमुख्यमंत्री साव के प्रयासों से 25 वर्ष पुरानी मांग हुई पूरी



**मुंगेली।** जिले के तखतपुर-कुकुसदा मार्ग के मजबूतीकरण एवं चौड़ीकरण कार्य को लेकर क्षेत्रवासियों की 25 वर्ष पुरानी मांग आखिरकार पूरी हो गई है। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री अरुण साव के विशेष प्रयासों से इस महत्वपूर्ण सड़क के निर्माण हेतु 25 करोड़ 56 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। 16.50 किलोमीटर लंबी इस सड़क के निर्माण से ग्राम बरेला, भथरी, सोनाखरहा, केसबाड़ी, तरकीडीह, निबोरा, अमलीडीह, अमोरा, लाटा, मोहनपुर, छरकीपारा सहित कुकुसदा ग्राम सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। वर्षों से जर्जर स्थिति में रही इस सड़क के कारण ग्रामीणों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। उपमुख्यमंत्री श्री साव ने ग्रामीणों की जरूरतों को गंभीरता से लेते हुए इस मार्ग को प्राथमिकता में शामिल कराया। शासन से स्वीकृति मिलने के बाद अब क्षेत्र में बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे न केवल यातायात सुगम होगा बल्कि कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापारिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी। उन्होंने उपमुख्यमंत्री श्री साव और विधायक श्री पुन्नूलाल मोहले के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया है।

## अधिकारियों ने किया सीएम के दौरे की तैयारियों का निरीक्षण



**सेतगंगा-मुंगेली।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आगामी 18 दिसम्बर गुरूवार को जिले के सेतगंगा धाम में बाबा गुरू घासीदास जयंती समारोह में शामिल होंगे एवं जय स्तम्भ की पूजा अर्चना करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री जिले के विभिन्न क्षेत्रें में भी शिरकत करेंगे। मुख्यमंत्री के सेतगंगा प्रवास को लेकर जिला प्रशासन व सतनाम मानव कल्याण समिति के लोग जोर-शोर से अपनी तैयारियों में जुट गए हैं।

जिले के कलेक्टर कुंदन कुमार और पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, विधायक पून्नूलाल मोहले ने तैयारियों का निरीक्षण के साथ ही खामियो को दूर करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। विधायक पून्नूलाल मोहले ने कहा कि, मुंगेली जिले का सेतगंगा धाम श्रध्दालुओं के लिए आस्था का केन्द्र बिन्दु है। सेतगंगा धाम में 13 फरवरी 1995 से बाबा गुरूघासीदास जयंती का आयोजन किया जा रहा है। सतनाम मानव कल्याण समिति खैरा सेतगंगा अध्यक्ष मानिकलाल सोनवानी ने बताया कि 18 दिसम्बर को गुरूघासीदास जयंती पर छत्तीसगढ़ के मुखिया विष्णुदेव साय को आमंत्रित किया गया है।

इस वर्ष मौके पर लगभग 20 हजार से अधिक श्रध्दालुओं के शामिल होने की संभावना है। इस अवसर पर एसडीएम अजय शतरंज, सीईओ जनपद पंचायत एलके कौशिक, नायब तहसीलदार दिलीप कुमार खांडे, हरीश यादव, जिला अंकेक्षण कमलेश मिश्रा, थाना फास्टरपुर गिरिजा शंकर यादव सहित सभी पदाधिकारी बडी संख्या में उपस्थित रहे।

## 130 स्वास्थ्यकर्मियों ने लिया कार्यशाला में हिस्सा

# उन्मुखीकरण कार्यशाला एक प्रेरणादायक पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

बच्चों में होने वाले मधुमेह, जिसे टाइप-1 डायबिटीज (बाल मधुमेह) की समय पर पहचान, प्रभावी उपचार एवं समुदाय स्तर पर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला स्वास्थ्य विभाग एवं यूनिसेफ छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों एवं मितानिन प्रशिक्षकों के लिए दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जिला पंचायत के सभा कक्ष में दो चरणों में आयोजित इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्यकर्मियों को टाइप-1 डायबिटीज के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव, इसकी प्रारंभिक पहचान, समुचित उपचार एवं समग्र प्रबंधन से संबंधित तकनीकी जानकारी प्रदान करना था, ताकि वे अपने-अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर एवं संवेदनशील स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा सकें।



कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को बाल मधुमेह की पहचान, उपचार एवं प्रबंधन, काउंसलिंग तकनीक, रोगी सहायता समूहों की भूमिका, समुदाय आधारित जागरूकता, मानसिक स्वास्थ्य एवं पारिवारिक सहयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। समूह गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए और व्यावहारिक समस्याओं पर चर्चा की।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा ने कहा कि यह प्रशिक्षण बच्चों के स्वास्थ्य संरक्षण एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक सराहनीय और प्रेरणादायक पहल है। इससे जमीनी स्तर पर कार्यरत स्वास्थ्यकर्मियों की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। यूनिसेफ के स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. गजेंद्र सिंह के नेतृत्व में यूनिसेफ की टीम द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में शत-प्रतिशत सहभागिता रही, जो निकट भविष्य में टाइप-1 डायबिटीज से पीड़ित बच्चों एवं उनके परिवारों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। कार्यक्रम में डॉ. प्रदीप, डॉ. शिवपाल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरीश कुर्रे, जिला प्रशिक्षण समन्वयक उदय एवं यूनिसेफ टीम शामिल रहे।

## राष्ट्रीय एकता शिविर के लिए सुभाष का चयन

**कोटा।** शासकीय निरंजन केशरवानी कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवक सुभाष चतुर्वेदी का चयन राष्ट्रीय एकता शिविर के लिए किया गया है। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल द्वारा प्रायोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का आयोजन 17 से 23 दिसंबर तक जबलपुर में हो रहा है।

कार्यक्रम अधिकारी शितेष जैन ने बताया कि शिविर के लिए अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर से 8 स्वयंसेवकों का चयन हुआ है जिसमें शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय कोटा से सुभाष चतुर्वेदी शामिल हैं। ये स्वयंसेवक विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम करमा, पंथी, सुआ आदि के माध्यम से दूसरे राज्यों से आने वाले स्वयंसेवकों को छत्तीसगढ़ की



कला एवं संस्कृति का परिचय कराएंगे। राष्ट्रीय स्तर के इस शिविर में चयनित स्वयंसेवकों को राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. नीता वाजपेयी, कार्यक्रम समन्वयक डॉ मनोज सिन्हा, जिला संगठक अधिकारी डॉ. कान्ति अंचल एवं शासकीय निरंजन केशरवानी कॉलेज कोटा की प्राचार्य डॉ. नाज़ बेंजामिन ने उत्साहवर्धन किया है।

## खबर संक्षेप

### भारती विश्वविद्यालय दुर्ग ने वंदना को दी पीएचडी



**बिलासपुर।** भारती विश्वविद्यालय दुर्ग ने रामावर्ल्ड निवासी वंदना चंदेल को राजनीति शास्त्र के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय शोध कार्य के लिए द्वारा डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पी-एच.डी.) की उपाधि से सम्मानित किया है। उनका शोध महिला सशक्तीकरण की सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक स्थिति के विश्लेषण पर आधारित था, जिसे बिलासपुर जिले के विशेष संदर्भ में संपन्न किया गया। उन्होंने यह शोध कार्य डॉ. सरोज कुमार सिंह के मार्गदर्शन में पूर्ण किया। श्रीमती वंदना चंदेल जस्टिस अरविंद सिंह चंदेल की धर्मपत्नी हैं।

### दिल्ली में कांग्रेस की राष्ट्रीय रैली में शामिल हुए शहर व ग्रामीण अध्यक्ष



**बिलासपुर।** दिल्ली में आयोजित कांग्रेस की राष्ट्रीय रैली में जिला शहर अध्यक्ष सिद्धांशु मिश्रा ग्रामीण अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री पूर्व अध्यक्ष विजय केशरवानी एवं अन्य कांग्रेस जन बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### छग स्टेट वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन एसोसिएशन के अमित प्रदेश अध्यक्ष



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन एम्प्लॉईज एसोसिएशन के अमित निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित किए गए हैं। एसोसिएशन की प्रदेश स्तरीय बैठक रायपुर में आयोजित की गई। इसमें प्रदेश कार्यकारिणी के गठन करने निर्वाचन कराया गया। इस अवसर पर हुए चुनाव में अमित पाण्डेय को निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। पाण्डेय वर्तमान में वरिष्ठ शाखा प्रबंधक के पद पर अकलतरा में पदस्थ हैं। बिलासपुर के नोडल अधिकारी अरुण सिंघल को एसोसिएशन का कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। बैठक में संगठन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई तथा कर्मचारियों के हित में मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया गया।

### कांग्रेस ने मनाई सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि



**बिलासपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी (शहर/ग्रामीण) द्वारा 15 दिसम्बर को सिम्स परिसर में सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि मनाई गई। उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। प्रदेश प्रवक्ता अभय नारायण राय ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल को भारत में रियासतों के एकीकरण के लिए भारत का बिस्मार्क कहा जाता है। आजादी के बाद लगभग 532 रियासते स्वंत्रत भारत से पृथक थीं, जिन्हें सरदार पटेल ने अधिकांश रियासतों को शामिल कर लिए किन्तु हैदराबाद के निजाम और जूनागढ़ रियासत ने शामिल होने ने इनकार कर दिया जिन्हें दबाव पूर्वक शामिल किया गया। इस प्रकार भारत एक सशक्त,सम्प्रभु राष्ट्र के रूप स्थापित हुआ। उस समय कुछ अतिवादी संगठन अंग्रेजो के स्लीपर सेल की तरह काम कर रहे थे। साम्प्रदायिक दंगे में शामिल थे। वन्देमातरम और तिरंगा को अपमानित कर रहे कुछ लोग हत्याएं में भी शामिल थे।उन संगठनों पर पटेल ने प्रतिबंध लगाकर राष्ट्रद्रोही माना। कार्यक्रम में ज़फ़र अली, हरीश तिवारी, अभय नारायण राय, त्रिभुवन कश्यप, विनोद शर्मा, विनोद साहू, स्वर्णा शुक्ला, प्रियंका यादव, सुभाष ठाकुर, राजेश शर्मा, सुदेशनन्दिनी ठाकुर, शुभ लक्ष्मी सिंह ठाकुर, जसबीर गुम्बर, करम गोरख, चन्दन सिंह, संतोष पिप्पलवा, मोह अयूब, कौशिक धर, राजीव साहू, गौरव एरी आदि मौजूद थे।

### स्वामी सहजानंद सरस्वती की जयंती पर आई कैम्प फरवरी में



**बिलासपुर।** ग्राम महमंद स्थित भूमिहार समाज भवन में सहजानंद सरस्वती भूमिहार ब्राम्हण समाज की वार्षिक आमसभा पीएन राय की अध्यक्षता में हुई। डॉ. मनोज राय, डॉ. दिवाकर कुमार, डॉ. डी.एन तिवारी, डॉ. केएन चौधरी, डॉ. मनीष कुमार, अमीय कुमार, एसके राय एवं कार्यवाहक अध्यक्ष आरपी सिंह की उपस्थिति में किया गया। आमसभा में सचिव राजीव कुमार ने वर्ष 2025 जनवरी से दिसम्बर तक का हुए कार्यक्रमों का विवरण दिया। 2026 में होने वाले कार्यक्रमों का विवरण प्रस्तुत किया गया। राजीव ने बताया कि 22 फरवरी को स्वामी सहजानंद सरस्वती की जयंती पर समाज के भवन में वृहद आई कैम्प आयोजित किया जाएगा। जिसमें अतिथि बिलासपुर सांसद केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया है। आई कैम्प में डॉ. ललित माखिजा एवं उनकी टीम उपस्थित रहेंगी। इसके अलावा वर्षभर में पौधरोपण स्कूली बच्चों का स्वास्थ्य शिविर, समाज का पारिवारिक मिलन कार्यक्रम, भगवान परशुराम जयंती समारोह आयोजित किया जाएगा। राकेश दीक्षित ने वार्षिक आय-व्यय प्रस्तुत करते हुए आगामी वर्ष के लिए भी अनुमानित बजट प्रस्तुत किया। उपाध्यक्ष अभयनारायण राय ने बताया कि एकमुस्त राशि देकर आजीवन सदस्य बनाए जाएंगे। वर्तमान भवन में सुधार कार्य बाउंड्रीवाल का निर्माण एवं द्वितीय तल निर्माण की योजना भी बनाई गई जिसे आमसभा ने मंजूरी प्रदान की। छत्तीसगढ़ स्तरीय भूमिहार ब्राम्हण समाज सहयोग परिषद गठन करने का भी निर्णय लिया गया। आमसभा राजीव कुमार सिंह ने बाउंड्रीवाल निर्माण के लिए 20 हजार रुपए सहयोग राशि देने की घोषणा की।

---

**प्रथम पेपरलेस कोर्ट का शुभारंभ** | **छग हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने आवासीय कॉलोनी का किया वर्चुअल भूमिपूजन**

# जिला न्यायालय में नवनिर्मित अतिरिक्त तल का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा द्वारा 15 दिसंबर को जिला एवं सत्र न्यायालय बिलासपुर के एनेक्सी भवन में नवनिर्मित अतिरिक्त तल का लोकार्पण किया गया, साथ ही ई-मालखाना एवं जिला न्यायपालिका के प्रथम पेपरलेस न्यायालय का शुभारंभ भी किया गया।

इसी क्रम में कुटुम्ब न्यायालय बिलासपुर में नवनिर्मित अतिरिक्त भवन का वर्चुअल लोकार्पण तथा तखतपुर में नवीन सिविल न्यायालय भवन एवं न्यायिक अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए आवासीय कॉलोनी का वर्चुअल भूमिपूजन एवं शिलान्यास भी संपन्न हुआ।

जिला न्यायालय बिलासपुर में आयोजित इस समारोह में जस्टिस पार्थ प्रतीम साहू, जस्टिस नरेन्द्र कुमार व्यास, जस्टिस नरेश कुमार चंद्रवंशी, पोर्टफोलियो जज, जस्टिस दीपक कुमार तिवारी, जस्टिस सचिन सिंह राजपूत, जस्टिस राकेश मोहन पाण्डेय, जस्टिस संजय कुमार जायसवाल, जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल, जस्टिस अरविन्द कुमार वर्मा, जस्टिस विभू दत्त गुरु एवं जस्टिस अमितेन्द्र किशोर प्रसाद की उपस्थिति रही। इस अवसर पर चीफ जस्टिस श्री सिन्हा ने कहा कि न्याय की प्रभावी एवं व्यापक पहुँच सुनिश्चित करने में न्यायिक अधोसंरचना की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि राज्य के समस्त जिलों में सुदृढ़ बुनियादी न्यायिक अधोसंरचना के विकास से न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यकुशलता में वृद्धि होगी तथा आमजन को त्वरित, सरल एवं निष्पक्ष न्याय सुलभ हो सकेगा। उन्होंने कहा ई-मालखाना प्रणाली के माध्यम से प्रकरणों से संबंधित जब्त सामग्रियों का डिजिटल अभिलेख संधारण, प्रभावी निगरानी एवं सुव्यवस्थित प्रबंधन संभव होगा, जिससे प्रणाली में पारदर्शिता आएगी तथा समय की उल्लेखनीय बचत होगी, साथ ही पेपरलेस न्यायालय की शुरुआत से न्यायिक कार्यों में सूचना प्रौद्योगिकी के अधिकतम उपयोग को प्रोत्साहन मिलेगा। यह पहल न्यायिक प्रक्रिया को एक महत्वपूर्ण कदम है। श्री सिन्हा ने कहा कि छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति के रूप में मुझे हर दिन यह याद दिलाया जाता है कि हमारी न्यायिक संस्था की शक्ति उसकी इमारतों की भव्यता में नहीं, बल्कि उस विश्वास में निहित है जो लोग हम पर रखते हैं। यह न्याय, सुशासन और सार्वजनिक सेवा के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता की पुष्टि है। लोकार्पण कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बिलासपुर के स्वागत भाषण से हुआ तथा समापन प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय बिलासपुर धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।



चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा।

---

### डीपीएस में चौधरी मित्रसेन आर्य की जयंती पर विशेष आराधना, हवन के बाद दी गई श्रद्धांजलि

# चौधरी मित्रसेन का जीवन सामाजिक उत्थान में रहा समर्पित



दिल्ली पब्लिक स्कूल बिलासपुर में चौधरी मित्रसेन को दी गई श्रद्धांजलि।



हवन-पूजन के साथ दी गई श्रद्धांजलि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दिल्ली पब्लिक स्कूल बिलासपुर में सिंधु एजुकेशन फाउंडेशन की आधारशिला रखने वाले कर्मयोगी चौधरी मित्रसेन आर्य की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर प्रार्थना सभा में उनके सद्कार्यों को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी गई।

दिल्ली पब्लिक स्कूल बिलासपुर के संस्थापक मित्र सेन सिंधु आर्य की जन्म जयंती पर संस्था में आयोजित विशेष प्रार्थना सभा में प्रिंसिपल जसपाल सिंह मथ, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी सुरेंद्र नाथ पाठक, प्रशासनिक अधिकारी आर सी मोहंती, बलवान सिंधु एवं अरविंद त्यागी सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने चौधरी की तस्वीर के समक्ष मंगलदीप प्रज्वलित करते हुए माल्यार्पण एवं पुष्प समर्पित किए। आलोक पांडे एवं संदीप चटर्जी के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने आराधना गीत प्रस्तुत किया। प्रिंसिपल जसपाल सिंह ने चौधरी साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके मार्ग पर चलने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रख्यात शिक्षाविद, समाज सेवी, वैदिक पथ के प्रकाश पुंज, ख्यातिलब्ध उद्योगपति को हम अनेक रूपों में हम याद करते हैं। हिसार के खंडाखेड़ी में 15 दिसंबर 1931 को चौधरी शीशराम के घर में उन्होंने जन्म लिया। उड़ीसा, झारखंड, छत्तीसगढ़ में अपने उद्यम स्थापित करने के साथ आदिवासी क्षेत्रों में अनेक गुरुकुलों की स्थापना की। समाज सेवा में प्रख्यात चौधरी मित्र सेन ऐसे महात्मा थे, जो अपने सद्विचारों, सिद्धांतों और दानवीरता के लिए समाज में एक बड़ा संदेश छोड़ गए। सात्विक एवं वैदिक जीवन शैली को अपनाते हुए उन्होंने सामाजिक उत्थान के लिए अपना सारा जीवन समर्पित कर दिया। 27 जनवरी 2011 को ब्रह्मलीन होने के बाद भी उनके कार्यों और नैतिक मूल्यों की सुगंध आज भी हमारे बीच आदर्श रूप में उपस्थित है। उनके सुकर्मों और नैतिक शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारने की आकांक्षा से हवन द्वारा कार्यक्रम का समापन किया गया। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों, समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने हवन एवं आरती में पूरे उत्साह से बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



चौधरी मित्रसेन।

### चौ. मित्रसेन जीवनभर मिसाल एवं प्रेरणास्रोत बने रहेंगे

**कोरबा।** चौधरी मित्रसेन आर्य की 94वीं जयंती पर इंडस पब्लिक स्कूल-दीपका में पूजन एवं विशेष प्रातःकालीन सभा का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर संजय गुप्ता ने कहा कि दुनिया में कुछ ही विरले लोग ऐसे होते हैं जो अपने सत्कर्मों के पदचिन्ह छोड़ जाते हैं। जो दूसरों के लिए हमेशा अनुकरणीय होते हैं। चौधरी मित्र सेन ऐसे व्यक्तित्व के धनी थे। वे जीवनभर हमारे लिए मिसाल एवं प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। उनके जन्मदिन पर दीपका स्थित इंडस पब्लिक स्कूल में विशेष प्रातःकालीन सभा एवं पूजन का आयोजन किया गया। प्रातः प्रार्थना स्तुति के पश्चात वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन का विशेष आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने चौधरी मित्रसेन आर्य के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित किया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 10वीं की छात्रा सुश्री पायल सहारन ने किया। कक्षा 9वीं के विद्यार्थियों ने बहुत ही सुंदर प्रातःकालीन सभा की प्रस्तुति दी। विद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष हेमलाल श्रीवास ने चौधरी मित्रसेन आर्य के जीवन की प्रेरक घटनाओं से विद्यार्थियों को परिचित कराया। पूजन के पश्चात विद्यालय के बच्चों द्वारा एक भजन प्रस्तुत किया गया।



■ इंडस पब्लिक स्कूल दीपका में विशेष प्रार्थना सभा

### डीज़ल चोरी पर एसईसीएल की सख्त निगरानी

**बिलासपुर।** एसईसीएल ने डीजल चोरी एवं परिचालन अनियमितताओं पर पूर्ण नियंत्रण स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कंपनी ने अपने समस्त परिचालन क्षेत्रों में उन्नत डिजिटल निगरानी एवं सुरक्षा प्रणाली लागू की है, जिससे डीज़ल चोरी की घटनाओं को पूरी तरह से रोका जा सके। एसईसीएल की सभी क्विक रिस्पांस टीम के वाहनों में अत्याधुनिक ट्रैकिंग सिस्टम स्थापित कर दिए गए हैं। इन वाहनों की रीयल-टाइम मॉनिटरिंग एसईसीएल मुख्यालय स्थित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से की जा रही है। इससे किसी भी संदिग्ध गतिविधि या आपात स्थिति पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित हो सकेगी और सुरक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। इसके साथ ही एसईसीएल के सभी हेवी अर्थ मूविंग मशीनरी को उन्नत डिजिटल सेंसरों से लैस किया गया है। ये सेंसर मशीनों की लोकेशन, परिचालन अवधि, डीज़ल खपत एवं किसी भी असामान्य गतिविधि की सटीक जानकारी उपलब्ध कराते हैं। यह प्रणाली डीज़ल चोरी की प्रारंभिक पहचान में अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो रही है तथा मशीनरी उपयोग को पूर्णतः पारदर्शी बनाती है। सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से कंपनी अपने सभी खान क्षेत्रों में बूम बैरियर्स भी स्थापित कर रहा है। इन बैरियर्स के माध्यम से केवल आरएफआईडी टैग युक्त अधिकृत वाहन ही खदान परिसरों में प्रवेश कर सकेंगे। सभी वाहनों की प्रवेश-निकास जानकारी स्वतः डिजिटल रूप से रिकॉर्ड होगी, जिससे अनधिकृत आवाजाही पर प्रभावी रोक लगेगी। एसईसीएल द्वारा चयनित कॉन्ट्रैक्चुअल वाहनों एवं एलएमवी में भी जीपीएस सिस्टम लगाया जा रहा है। इन वाहनों की मूवमेंट, लोकेशन, रुकने की अवधि एवं मार्ग का रीयल-टाइम ट्रैकिंग डेटा, फुटेज के साथ विश्लेषण प्रणाली से जोड़ा जा रहा है। यह प्रणाली स्वतः ही असामान्य मूवमेंट, अनाधिकृत रुकावट, गलत मार्ग एवं संदिग्ध पैटर्न की पहचान करेगी।

---

## एरीना में बार्थवाल ने किया शैक्षणिक दौरा

**एजुकेशन प्लस**

**बिलासपुर।** एरीना एनीमेशन बिलासपुर अकादमी में आज एरीना एनीमेशन के क्षेत्रीय शैक्षणिक प्रमुख (वेस्ट ज़ोन – मुंबई) सचिन बार्थवाल का आगमन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत अकादमिक टीम एवं प्रबंधन के साथ शैक्षणिक बैठक एवं मूल्यांकन सत्र से हुई। इसमें पाठ्यक्रम की गुणवत्ता, शिक्षण पद्धतियों, छात्रों की इंडस्ट्री रेडीनेस तथा इंडस्ट्री की वर्तमान और भविष्य की आवश्यकताओं पर गहन चर्चा की गई।

स्टूडेंट सेशन में सचिन बार्थवाल ने बताया कि किस प्रकार एडिटिंग केवल एक तकनीकी प्रक्रिया नहीं, बल्कि कहानी कहने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने इंडस्ट्री के लाइव उदाहरणों के माध्यम से छात्रों को समझाया कि कैसे क्रिएटिविटी और टेक्नोलॉजी का संतुलन उन्हें सफल प्रोफेशनल बना सकता है। दीक्षांत समारोह एवं नए पाठ्यक्रमों का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर अनिशा चंदानी, आदिल खान, अश्मिता पाटिल एवं काशिश गेहानी को उनके सफल प्रशिक्षण पूर्ण करने पर प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। दिसंबर में प्रारंभ किए जा रहे नए पाठ्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत जेनरेटिव एआई, गेम डिज़ाइनिंग जैसे अत्याधुनिक और भविष्य-उन्मुख पाठ्यक्रमों का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर एरीना के मैनेजिंग डायरेक्टर संदीप गुप्ता ने बताया कि दिसंबर माह में प्रत्येक सप्ताह नए-नए कोर्स लॉन्च किए जा रहे हैं। सचिन बार्थवाल ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर छात्रों की शंकाओं को दूर किया। एरीना अकादमिक हेड विवेक दुबे, असिस्टेंट सेंटर मैनेजर निधि मिश्रा, सीनियर फैकल्टी समीर सोलोमन, दिव्या रानी, मनीष मौर्य, विनिता सिंह आदि मौजूद थीं।




## शैल वस्त्रालय का एड फिल्म व म्यूजिक लांच

**बिजनेस प्लस**

**बिलासपुर।** शैल वस्त्रालय के एड फिल्म एवं म्यूज़िक लॉन्च का भव्य आयोजन 15 दिसंबर को संपन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर शहर की कई प्रतिष्ठित हस्तियों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम के अतिथि डॉ. कमलेश मौर्य, विशेष अतिथि निदेशक, डेंटल सर्जन डॉ. रेनू मौर्य रहीं। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण पर्वतारोही निशा यादव रही। अन्य विशिष्ट अतिथियों में वंदना पांडेय, अनीता शर्मा, पूनम अग्रवाल, कौशल्या देवांगन, प्रीति गौराहा, दीपेश मार्के, संगीता निर्मलकर, डॉ. रश्मि बुधिया, सोनल अग्रवाल, नज़मिन अली खान, बबीता ताम्रकार, रूपाली जी, ऋतु बजाज, करण सिंह, सुनीता गुप्ता, अर्चना वर्मा आदि थीं।

शैल वस्त्रालय के निदेशक विनय गुप्ता एवं विवेक गुप्ता ने सभी अतिथियों का सम्मान किया, जिससे आयोजन में भारतीय संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण का सुंदर संदेश भी दिया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि शैल वस्त्रालय गुणवत्ता, विश्वास और आधुनिक फैशन का उत्कृष्ट संगम प्रस्तुत कर रहा है। उन्होंने शैल वस्त्रालय के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। निशा यादव ने शैल वस्त्रालय की टीम को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। अंत में निदेशक विनय गुप्ता एवं विवेक गुप्ता ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। एड फिल्म एवं म्यूज़िक लॉन्च को उपस्थित जनसमूह से भरपूर सराहना मिली। संपूर्ण कार्यक्रम उत्साह, गरिमा और भव्यता से परिपूर्ण रहा। इस दौरान अतिथियों ने इसकी जमकर तारीफ की। शैल वस्त्रालय द्वारा बनाए गए एड फिल्म सराहनीय और आमजनता के लिए काफी उपयोगी साबित होगी। जनता का विश्वास ही हमारा प्रतिसाद है।



---

## फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी में 23 से शुरू होगा सोसाइटी प्रीमियर लीग फ्लड लाइट प्रतियोगिता

**विभिन्न समाजों की टीम क्रिकेट खेल मैदान में करेंगी प्रदर्शन, 29 को होगा समापन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में सोसाइटी प्रीमियर लीग फ्लड लाइट क्रिकेट प्रतियोगिता 23 दिसंबर से शुरू होने जा रहा है।

पूर्व बीडीए अध्यक्ष स्व. शेख गफ्फार की स्मृति में पिछले 6 साल से सोसाइटी प्रीमियर लीग फ्लड लाइट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें शहर की विभिन्न समाजों की 32 टीम यहां प्रदर्शन करती है। विजेता टीम को सोसाइटी प्रीमियर लीग कप के अलावा 41 हजार 111 रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। उपविजेता टीम को 21 हजार 111 रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा 7 दिनों तक क्रिकेट प्रतियोगिता में विभिन्न टीमों के उत्कृष्ट खिलाड़ी जो अच्छा प्रदर्शन करते हैं, उन्हें मैन ऑफ द मैच मैन, ऑफ द सीरीज, बेस्ट बल्लेबाज बेस्ट बॉलर बेस्ट क्षेत्ररक्षण और बेस्ट ड्रेस कोड का पुरस्कार दिया जाएगा। फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के चेयरमैन प्रिंस भाटिया ने बताया कि पिछले 6 साल से स्वर्गीय शेख गफ्फार की स्मृति में सोसाइटी प्रीमियर लीग फ्लड लाइट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। सभी समाज को क्रिकेट खेल के मैदान में मंच भी दिया जा रहा है। इस आयोजन में सभी समाज की भागीदारी होती है। 23 दिसंबर को शाम 5 बजे क्रिकेट प्रतियोगिता प्रारंभ होगी। और 29 दिसंबर को फाइनल मैच के साथ ही पुरस्कार वितरण एवं समापन होगा।

The Foundation
Bilaspur (C.G)
Where Cricket is Worshipped

## सिम्स में एयरबोर्न इंफेक्शन कंट्रोल पर प्रशिक्षण

**बिलासपुर।** सिम्स मेडिकल कालेज में रेस्पिरेटरी मेडिसीन विभाग द्वारा फाइंड इंडिया, सेंट्रल टीबी डिवीजन एवं विश्व स्वास्थ्य संगठन के संयुक्त तत्वाधान में एयरबोर्न इंफेक्शन कंट्रोल पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें अध्यक्ष के तौर पर डॉ. रमणेश मूर्ति ने उपस्थित रहे।

अस्पतालों में इंफेक्शन प्रिवेंशन एंड कंट्रोल व एयरबोर्न इंफेक्शन कंट्रोल (इन इंस्टीट्यूट विथ ड्रग रेजिस्टेंस टीबी सेंटर) के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें इंफेक्शन कंट्रोल टीम एवं हॉस्पिटल इंफेक्शन कंट्रोल कमेटी के साथ बैठक एवं स्टाफ नर्स (आईसीएन) व सुपरवाइजरी स्टाफ फैसिलिटी लेवल प्रशिक्षण दिया गया। खास बात यह है कि अस्पताल में हवा के माध्यम से फैलने वाले श्वासन तंत्र के रोगों, फैलाव को रोकने के तरीकों, खांसी एवं श्वास के मरीजों को पहचान, त्वरित इलाज पर चर्चा की गई। वार्ड में भर्ती मरीजों के बीच भी रोग के फैलाव रोकने के तरीकों, हॉस्पिटल एवं वार्डो में प्रॉपर (एसीपीएच), वेंटिलेशन के तरीकों, साफ सफाई एवं अपशिष्ट प्रबंधन, स्वास्थ्यकर्मियों एवं मरीजों के श्वासन सुरक्षा के तरीकों पर मास्टर ट्रेनर व माइक्रोबायोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ रेखा बारपात्रे, फाइंड की टेक्निकल एक्सपर्ट डॉ तन्वी बहल भल्ला, एनटीई पी विश्व स्वास्थ्य संगठन सलाहकार डॉ रितु कश्यप ने प्रशिक्षण में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में कुमार साहब स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव शासकीय सुपरस्पेशलिटी अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ भानु प्रताप सिंह, अधीक्षक डॉ लखन सिंह, एनेस्थीसिया विभागाध्यक्ष डॉ. मधुमिता मूर्ति, रेडियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह, रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ प्रतीक कुमार त्रिपाठी एवं चिकित्सक तथा अन्य अधिकारी के साथ बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप



### पेंशनधारी कल्याण संघ के अध्यक्ष बने राजपूत

**लोरमी।** छत्तीसगढ़ पेंशन धारी कल्याण संघ तहसील शाखा लोरमी के अध्यक्ष पद पर सेवानिवृत्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी डीएस राजपूत को मनोनीत किया गया है। उनके नाम का प्रस्ताव पूर्व अध्यक्ष अशोक तिवारी द्वारा किया गया जिसमें 45 सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने अपनी सहमति प्रदान की। नवनियुक्त अध्यक्ष श्री राजपूत ने 17 दिसंबर को बलौदा बाजार में आयोजित प्रांतीय सम्मेलन में सम्मिलित होने के लिए चर्चा की। जिसमें 15 सदस्यों ने अपनी सहमति प्रदान की । नारायण प्रसाद राठौर को यात्रा प्रभारी बनाया गया। कार्यकारिणी के विस्तार हेतु अध्यक्ष को अधिकृत किया गया संगठन को मजबूत करने हेतु विचार विमर्श किया गया। इसमें मुख्य रूप से ध्रुपद राजपूत अशोक तिवारी एवं पुन्नी लाल डड़सेना को संरक्षक नियुक्त किया गया। इस अवसर पर दशरथ राजपूत, सुरित राम साहू, अशोक धृतरलहरे, विजय ध्रुव, झूना राम ध्रुव, सुखनंदन घूमसरे, राम शंकर शर्मा, जयजय राम साहू, जयजय राम राजपूत, टीकाराम राजपूत, रामनिवास साहू, शिवलाल ध्रुव, दुर्जन दास खांडेकर, बालमुकुंद वैष्णव, ज्वाला प्रसाद कश्यप, मिर्जा शफी बेग, सियाराम राठौर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### दुकानदार के साथ गाली-गलौज, मारपीट

**तखतपुर।** उधार में मुर्गा देने से मना करने पर दुकान संचालक के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। नवाडीह पाली निवासी शिवा पांडेय ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, उसकी चिकन की दुकान है, जहां 13 दिसम्बर दोपहर 3 बजे बबलू मरावी आया और उधारी में मुर्गा मांगने लगा। जब उसने मुर्गा देने से मना किया तो बबलू ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। शिकायत पर पुलिस ने धारा 303,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया।

### साक्षात्कार एवं कौशल परीक्षा 19 को

**मुंगेली।** जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत बाल कल्याण समिति के लिए सहायक सह कंप्यूटर ऑपरेटर, चाइल्ड हेल्पलाइन के लिए परियोजना समन्वयक, परामर्शदाता, चाइल्ड हेल्पलाइन सुपरवाइजर, केस वर्कर के पद पर भर्ती की जा रही है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग संजुला शर्मा ने बताया कि भर्ती के लिए दस्तावेज सत्यापन, कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार 19 दिसंबर को लाइवलीहुड कॉलेज जमकोर मुंगेली में सुबह 9 बजे से लिया जाएगा। श्रीमती शर्मा ने बताया कि अभ्यर्थियों को निर्धारित शैक्षणिक योग्यता, अनुभव संबंधी प्रमाण पत्र एवं वेतन पर्ची बैंक स्टेटमेंट आदि आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित समय एवं स्थान पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करना है।

## निधन

### कृष्णचन्द्र पाण्डेय



**बिलासपुर।** विद्यानगर निवासी कृषि विभाग के मुख्य लिपिक कृष्णचंद्र पाण्डेय (कृष्णी) डंगनिया वाले का 85 वर्ष की आयु में 15 दिसम्बर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा निज निवास साईं होम्स विद्यानगर से दोपहर 1 बजे सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे अंशुमान व अम्बरीश पाण्डेय के पिता थे।

### भरतलाल प्रजापति



**बिलासपुर।** करबला तालाब कुम्हारपारा निवासी भरत लाल प्रजापति का 15 दिसंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 16 दिसंबर को सुबह 11 बजे उनके निवास से दयालबंद मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे गनेशी प्रजापति के पति एवं राकेश एवं मुकेश के पिता थे।

### अमित चक्रवर्ती



**बिलासपुर।** विनोबा नगर घनश्याम अपार्टमेंट निवासी अमित चक्रवर्ती का देहांत हो गया। उनका अंतिम संस्कार 16 दिसंबर को दोपहर 1 बजे भारतीय नगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे डॉक्टर श्रावणी चक्रवर्ती के पति तथा नोबिना और अर्णब चक्रवर्ती के पिता थे।

### समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सुचारू रूप से जारी

# मुंगेली जिले के किसानों को 313 करोड़ का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिले के 66 समितियों के 105 खरीदी केन्द्रों में पंजीकृत 1 लाख 10 हजार किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सुचारू रूप से पारदर्शिता के साथ जारी है।

अपर कलेक्टर जीएल यादव ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत धान की खरीदी व्यवस्था को सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी बनाने के लिए एवं किसानों को आसान भुगतान सुविधा प्रदान करने के लिए पूरी तत्परता से कार्य किया जा रहा है। धान खरीदी के 3 दिन के अंदर ही किसानों के खाते में राशि का भुगतान किया जा रहा है। सहकारिता आयुक्त हितेश श्रीवास ने बताया कि जिले के कुल 10 सहकारी बैंकों के माध्यम से किसानों को धान की राशि का सुविधापूर्वक भुगतान किया जा रहा है। किसानों को बैंक में लाइन लगने की समस्या ना हो, उन्हें आसानी से भुगतान की सुविधा मिले। इसके लिए जिले के 27 हजार से अधिक किसानों को एटीएम कार्ड की सुविधा प्रदान की गई है एवं चेक बुक का वितरण भी किया जा रहा है।





सीसीबी नोडल श्री संतोष सिंह ठाकुर ने बताया कि जिले के सभी 66 समितियों में माइक्रो एटीएम के माध्यम से प्रतिदिन 20 हजार रूपए तक का नगद भुगतान किया जा रहा है। साथ ही बैंकों से प्रतिदिन लगभग 2 हजार किसानों को 7 करोड़ रूपए से अधिक राशि का भुगतान किया जा रहा है। अब तक 33 हजार 344 से अधिक किसानों ने धान विक्रय किया है तथा 313 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का भुगतान किया जा चुका है।

### 24 घंटे की जा रही निगरानी

कलेक्टर के निर्देशानुसार अवैध धान भंडारण एवं परिवहन को रोकने जिले की सीमाओं एवं चेक पोस्ट पर चौकसी को और मजबूत करते हुए 24 घंटे निगरानी की जा रही है। इसके तहत संदिग्ध वाहनों परिवहन गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सभी आंतरिक चेक पोस्ट पर भी टीमों को तैनात किया गया है। निगरानी दल द्वारा रात्रिकालीन गश्त के साथ ही संदिग्ध वाहनों की सघन जांच की जा रही है। कोचियों एवं बिचौलियों के माध्यम से अवैध रूप से धान खपाने की घटनाओं पर रोक लगाने की शिकायत तथा धान खरीदी की पूरी प्रक्रिया की निगरानी हेतु इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर स्थापित किया गया है, इससे खरीदी, भंडारण और परिवहन की रियल टाइम मानिटरिंग सुनिश्चित होगी।

### 1 लाख किसानों का का पंजीयन

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने जिले के 1 लाख 10 हजार किसानों ने 1 लाख 11 हजार हेक्टेयर का पंजीयन कराया है। जिले में अब तक 14 लाख 87 हजार क्विंटल धान की खरीदी जा चुकी है। कलेक्टर के निर्देशानुसार समर्थन मूल्य पर धान खरीदी हेतु टोकन लिमिट 88 हजार क्विंटल से 01 लाख 23 हजार क्विंटल प्रतिदिन किया गया है, जिससे अधिक से अधिक पंजीकृत किसान धान बेच सकें। जिले में खरीदी केन्द्रों से धान उठाव का कार्य भी लगातार जारी है। 5 लाख क्विंटल का डीओ जारी किया जा चुका है तथा अब तक 2 लाख 79 हजार क्विंटल धान का उठाव मिलर्स द्वारा कर लिया है।



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते अतिथि।

## खेल समाज को जोड़ने की सबसे बड़ी ताकत, बढ़ता है अपनत्व व सामंजस्य

**सीपत।** श्रीपतेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में सोमवार की रात रात्रिकालीन प्लास्टिक बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ।

शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एनटीपीसी परियोजना प्रमुख विजयकृष्ण पांडेय ने की। श्री पांडेय की बॉलिंग पर राजेश सूर्यवंशी ने बेटिंग कर पहली गेंद खेली, जिससे पूरे मैदान में तालियों की गड़गड़ाहट गूंज उठी। पहले मुकाबले में सराईपाली और ढोलरा की टीमें आमने सामने रहीं। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने अपने संबोधन में कहा कि एनटीपीसी आज विश्व में ऊर्जा के क्षेत्र में एक मजबूत पहचान बना चुका है। ऐसे खेल आयोजन समाज में एकता, मित्रता और आपसी सामंजस्य को मजबूत करते हैं। खेल केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त माध्यम है। एनटीपीसी परियोजना प्रमुख विजयकृष्ण पांडेय ने कहा कि खेल अनुशासन, समर्पण और टीम भावना सिखाता है। खिलाड़ी खेल भावना के साथ खेलें। एनटीपीसी इंटक यूनियन के पूर्व अध्यक्ष सलीम वीरानी ने कहा कि हेल्थ ही असली वेल्थ है। इस मौके पर योगेश वंशकार, जनपद अध्यक्ष सरस्वती सोनवानी, दुबे सिंह कश्यप, तामेश्वर सिंह कौशिक, मनोज खरे, राज्यवर्धन कौशिक, उपसरपंच प्रतिनिधि शशिकांत साहू, ओमप्रकाश सूर्या, हरीश गुप्ता, शिवशंकर यादव, सत्यकाम, एचआर एजीएम शैलेश चौहान, एचआर एजीएम अजीत, भाजपा नेता रामनिहोर सूर्यवंशी, सुरेश गुप्ता, प्रताप खरे सहित अन्य मौजूद थे।

## 5 दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण में शामिल हुए 162 शिक्षक

**सीपत/मस्तूरी।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं राज्य शासन के निर्देशों के अनुरूप मस्तूरी में नवीन पाठ्यपुस्तकों पर आधारित 5 दिवसीय ऑफलाइन एफएलएन शिक्षक प्रशिक्षण का प्रथम चरण संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण का आयोजन मस्तूरी विकासखंड के समस्त प्राथमिक विद्यालयों में अध्यापन की गुणवत्ता को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से किया गया। प्रथम चरण में जोन पंधी लक्ष्य 56 में 52, मस्तूरी लक्ष्य 56 में 50 तथा पचपेड़ी लक्ष्य 60 में 60, इस प्रकार कुल 162 शिक्षकों ने प्रशिक्षण में भाग लिया। प्रशिक्षण बीआरसी भवन मस्तूरी तथा जोन पंधी-पचपेड़ी में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण समापन अवसर पर बीईओ शिवराम टंडन, विखं स्रोत समन्वयक सूरज कुमार क्षत्री एवं एफएलएन प्रकोष्ठ

### अध्यापन की गुणवत्ता बनेगी और अधिक प्रभावी



प्रशिक्षण में ट्रेनरों को सम्मानित करते हुए बीईओ व बीआरसी।

प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय की उपस्थिति रही। । बीईओ शिवराम टंडन ने कहा कि, एफएलएन आधारित यह प्रशिक्षण शिक्षकों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं व्यवहारिक है। इसमें कक्षा कक्ष में सीधे लागू किए जा सकने वाले नवाचारों, गतिविधियों एवं शिक्षण विधियों पर विशेष जोर दिया गया। बीआरसीसी सूरज कुमार क्षत्री ने कहा कि, एफएलएन आधारित नवीन पाठ्यपुस्तकों के मूल स्वरूप, कक्षावार दक्षताओं एवं कक्षावार लक्ष्यों पर गहन चर्चा की गई। प्रशिक्षण में बीआरजी प्रशिक्षक के रूप में सावित्री सेन, धीरेंद्र सत्यवेदी, जितेंद्र वैष्णव, अमरदीप भोगल, शंकर लाल कैवर्त, लखेश्वर सिंह नेताम, कल्पना सिंह एवं हीरेंद्र मरावी जैसे अनुभवी शिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्रशिक्षण अवधि के दौरान राज्य रिसोर्स पर्सन विकास वर्मा, डाइट पेंड्रा प्रभारी अल्का शुक्ला, जिला रिसोर्स पर्सन प्रियंका केशरवानी सहित विखं एवं जिला स्तर के अधिकारियों ने समय-समय पर प्रशिक्षण स्थल का भ्रमण कर गुणवत्ता संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया। बीआरसी कार्यालय मस्तूरी से कमलेश खोबरागढ़े, हिमांशु शर्मा, विनीता सिंह, चंद्र कुमार चंद्राकर, गोपी नायक, जैनेंद्र गुप्ता एवं दीपक शर्मा का सराहनीय योगदान रहा।

### पानी लेने गई महिला के साथ गाली-गलौ, मारपीट

**तखतपुर।** नल की टोंटी खोलने की बात बात पर महिला के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी गई। जानकारी के अनुसार, बेलसरी निवासी सरिता राय ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, 14 दिसम्बर सुबह 10 बजे वह मोहल्ले के टेपनल से पानी लेने गई थी। इस दौरान राधा महिलांगे, संटी महिलांगे और बंटी महिलांगे वहां पर उपस्थित थे। सरिता ने उन्हें नल की टोंटी खोलने के लिए कहा तो तीनों ने मिलकर उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने 115,2 296,3,5 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।




## लहरिया ने उठाया किसानों को हो रही परेशानी का मुद्दा

**मस्तूरी।** विधानसभा क्षेत्र में धान खरीदी को लेकर किसानों को हो रही परेशानियों का मुद्दा विधानसभा सत्र के शून्यकाल के दौरान मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया ने उठाया।



उन्होंने धान खरीदी केंद्रों में व्याप्त अव्यवस्था, टोकन प्रणाली की विफलता, खरीद सीमा (लिमिट) और रकबा कटौती को लेकर सरकार पर तीखा हमला बोला। विधायक लहरिया ने कहा कि प्रदेश में धान खरीदी की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। किसान टोकन के लिए दिनों-दिन भटकने को मजबूर हैं। 70 प्रतिशत ऑनलाइन और 30 प्रतिशत ऑफलाइन टोकन की व्यवस्था कागजों तक सीमित रह गई है, जबकि व्यवहार में किसानों को समितियों, तहसील कार्यालयों और पटवारियों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। शून्यकाल के दौरान विधायक लहरिया ने मांग की कि धान खरीदी की अंतिम तिथि तत्काल बढ़ाई जाए, प्रतिदिन की खरीदी लिमिट में वृद्धि की जाए, ऑनलाइन और ऑफलाइन टोकन व्यवस्था को 50-50 प्रतिशत के अनुपात में लागू किया जाए तथा रकबा कटौती की प्रक्रिया की पुनः समीक्षा की जाए।

## गौरेला फाइटर ने क्रिकेट ट्राफी पर रखा कब्जा बरकरार



**पेण्ड्रा।** डिपार्टमेंटल प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन - 2 का फाइनल मैच सोमवार को एसपी एसआर भगत की टीम पेण्ड्रा ईगल और एसडीएम विक्रांत अंचल की टीम गौरेला फाइटर के बीच खेला गया, जिसमें लगातार दूसरे वर्ष फाइनल जीतकर गौरेला फाइटर ने ट्राफी पर अपना कब्जा बरकरार रखा। वहीं कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी की कप्तानी में महिला टीम जीपीएम चैलेंजर ने कलेक्टर के द्वारा बढ़िया बैटिंग करने और बढ़िया बॉलिंग कर 2 विकेट लेने के कारण 16 रनों से जीत हासिल की। फाइनल मैच में गौरेला फाइटर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 117 रन बनाया। वहीं उक्त स्कोर का पीछा करते हुए पेण्ड्रा ईगल की टीम 43 रन में ही ढेर हो गई। समापन समारोह को संबोधित करते हुए कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने कहा कि जिले का नेतृत्व करने के लिए मैदान में स्वयं भी उतरना पड़ता है। सभी खिलाड़ी अच्छा खेले। उन्होंने अपनी टीम की जीत पर कहा कि जिला पंचायत सीईओ मुकेश रावटे, एएसपी ओम चंदेल ने जो कोचिंग देकर खेल की बारीकियां सिखाई थीं। वो आज मैदान में काम आई, जिससे जीत मिली। डीपीएल आयोजन समिति शिक्षक मैत्री समूह के सदस्य नागेन्द्र सिंह, रितेश सिंह, अंबुज मिश्रा, जितेन्द्र जायसवाल, विनोद तिग्गा, संजय कैवर्त, संजय टांडिया शामिल हैं। समापन समारोह में जिपं उपाध्यक्ष राजा उपेन्द्र बहादुर सिंह, जिपं सीईओ मुकेश रावटे, एएसपी ओम चंदेल, अपर कलेक्टर अमित बेक, एसडीएम विक्रांत अंचल, देवेंद्र सिरमौर, आकांक्षा पांडे, एसडीओपी दीपक मिश्रा, सिविल सर्जन डॉ. देवेंद्र पैकरा, समाजसेवी पवन सुल्तानिया, भाजपा कोषाध्यक्ष रितेश फरमानिया, पंकज तिवारी, नीरज जैन, जनपद उपाध्यक्ष निशांत तिवारी, तहसीलदार अविनाश कुजूर, प्रीति शर्मा, कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला महासचिव सत्य नारायण जायसवाल, पीयूष गुप्ता, बाबूलाल पाण्डे आदि मौजूद थे।

## जनपद सीईओ ने पंचायतों का किया निरीक्षण




हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

जनपद पंचायत सीईओ सत्यव्रत तिवारी ने चार ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई पंचायत कार्यालय बंद और सचिव नदारद मिले। सीईओ ने कार्यालयीन समय में अनुपस्थित सचिवों के विरूद्ध कार्रवाई की अनुशंसा की है।

ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायतों के कामकाज पर निगरानी और आमलोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जनपद सीईओ द्वारा ग्राम पंचायत परसदा, भरनी, चोरभट्ठीकला एवं चोरभट्ठीखुर्द का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत परसदा के सचिव ब्रजेश साहू बिना पूर्व सूचना के कार्यालय में अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार ग्राम पंचायत भरनी का पंचायत कार्यालय बंद मिला व सचिव विरेंद्र ध्रुव अनुपस्थित मिले। ग्राम पंचायत चोरभट्ठीकला का पंचायत कार्यालय भी कार्यालयीन समय में बंद पाया गया, जहां सचिव मनीता कश्यप कार्यालय में मौजूद नहीं थी। इसी तरह ग्राम पंचायत चोरभट्ठीखुर्द में भी पंचायत कार्यालय बंद पाया गया और सचिव प्रीति ध्रुव अनुपस्थित रहीं। जनपद सीईओ द्वारा सभी नदारद सचिवों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए सीईओ जिला पंचायत को भेजा गया है।

## अब तक नहीं हो पाया अटलजी की प्रतिमा का अनावरण

### अटल परिसर निर्माण के 6 माह बाद भी है लोकार्पण का इंतजार

अटल परिसर निर्माण के 6 माह बाद भी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण नहीं हो पाया। नवनिर्मित इस परिसर में अब देखरेख व रखरखाव के अभाव में गंदगी के साथ ही टाइल्स व मार्बल को नुकसान हो रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार

प्रदेश के नगरीय निकायों में भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की याद में अटल परिसर का निर्माण कराया गया है जिसमें स्व. वाजपेयी की आदमकद प्रतिमा स्थापित की गई है। इसी कड़ी में मल्हार में भी पुलिस चौकी के सामने पुराने पंचायत भवन को तोड़कर भव्य रूप से 20 लाख की लागत से अटल परिसर बनाया गया है। पिछले 6 माह से यह परिसर लोकार्पण का इंतजार कर रहा है। लोगों का मानना है कि इस परिसर के बनने से स्कूल चौक की खूबसूरती भी बढ़ गई है पर प्रतिमा लोकार्पित नहीं होने से अधूरा लग रहा है, उम्मीद थी कि निर्माण के बाद जल्द ही लोकार्पण होगा और लोग इस परिसर में समय बिता सकेंगे।



### शरारती तत्वों से खतरा

अटल परिसर को खूबसूरत बनाने के लिए प्रतिमा के चबूतरे में मार्बल लगाने के साथ ही पीछे की दीवार में आकर्षक टाइल्स व लाइट भी लगाई गई है तथा सुरक्षा के मद्देनजर सामने में स्टील से छोटी बाउंड्रीवाल भी बनाई गई है। इसके अलावा प्रतिमा के आसपास खाली जगह में गार्डन घास से सजाया गया है जहां आम लोग आकर समय बिता संके। लाखो की लागत से बने इस परिसर में अब गंदगी देखी जा सकती है और प्रतिमा की पैकिंग धूप व पानी से क्षतिग्रस्त हो गई है जिसको असामाजिक तत्वों द्वारा नुकसान पहुंचाया जा सकता है। नगर पंचायत प्रशासन भी साफ सफाई को लेकर गम्भीर नही है ऐसे में सवाल उठना लाजमी है। वहीं भाजपा नेताओं पर भी सवाल उठ रहा है कि वे अपने मार्गदर्शक के अपमान पर मौन साधे हुए हैं। **प्रतिदिन होगी सफाई-** सीएमओ मनीष सिंह का कहना है कि आज पूरे परिसर की सफाई कराई गई है। प्रतिमा सुरक्षित रखने पालीथिन लगाया गया है। परिसर का सम्भवतः 25 दिसम्बर को वर्चुअल लोकार्पण होने की जानकारी मिली है। इसलिए प्रतिदिन साफ सफाई कराई जाएगी।


**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र बिलासपुर**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल एल.आई.जी. (दीनदयाल आवास योजना) मंगला बिलासपुर में निर्मित EWS भवनों में से भवन क्रमांक **ई.डब्लू.एस.-16, मूल आबंटी श्रीमती रामप्यारी राठौर पति श्री बद्री सिंह राठौर** को स्व-वित्तीय आधार पर आबंटित भवन का विक्रय विलेख दिनांक 08.12.2015 को पंजीकृत किया गया हैं। आबंटी अपने उक्त भवन को द्वितीय क्रेता **श्रीमती सावित्री पति श्री मोतीलाल**, को विक्रय करना चाहता है। विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/शासकीय/अर्द्धशासकीय/ वित्तीय संस्था / बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**संपदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र-बिलासपुर**

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल अटल विहार योजना, चिल्हाटी, बिलासपुर (छ.ग.) में निर्मित भवन क्रमांक **ई.डब्ल्यू.एस.-31 मूल संयुक्त आबंटी श्री लक्ष्मीकांत श्रीवास पिता श्री गजेन्द्र प्रसाद श्रीवास एवं श्रीमती नीलिमा श्रीवास पति श्री लक्ष्मीकांत श्रीवास** के नाम पर आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दि.15.03.2018 को पंजीकृत किया गया है। इसके उपरांत द्वितीय क्रेता द्वारा विक्रय विलेख दिनांक 08.04.2024 को पंजीकृत कराने के पश्चात उक्त भवन को नाम **श्री शत्रुहन यादव पिता श्री दुवासा राम यादव** के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/शासकीय/अर्द्धशासकीय / वित्तीय संस्था/ बैंक आदि को इस भवन के नामांतरण हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/ हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

**संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र बिलासपुर**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल एल.आई.जी. (दीनदयाल आवास योजना) मंगला बिलासपुर में निर्मित **LIG भवनों में से भवन क्रमांक एल.आई.जी.-348, मूल आबंटी श्री शिव कुमार भोई** पिता स्व. श्री किशन लाल भोई को स्व-वित्तीय आधार पर आबंटित भवन का विक्रय विलेख दिनांक 24.12.2010 को पंजीकृत किया गया हैं। आबंटी अपने उक्त भवन को द्वितीय क्रेता **श्री सुखीराम यादव पिता श्री अलखराम यादव**, को विक्रय करना चाहता है। विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/शासकीय/अर्द्धशासकीय / वित्तीय संस्था / बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**संपदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र-बिलासपुर**

**न्यायालय तहसीलदार सरगांव, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.202506250600010/अ-21/2025
ग्राम-चुनचुनिया प.ह.नं. 18

**//ग्राम में ईश्तहार व दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से ईश्तहार //**

प्रति,
रामकुमार गोंड़ पिता तिजऊ निवासी धौंराभाठा तह. बिल्हा जिला बिलासपुर (छ.ग.)...विक्रेता
चन्द्रप्रकाश कौशिक पिता रूपचंद कौशिक निवासी तिफरा तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.) .........क्रेता

एतद् द्वारा आपको सुचित किया जाता है कि आवेदक रामकुमार गोंड़ पिता तिजऊ जाति गोंड़ निवासी धौंराभाठा तह. बिल्हा जिला बिलासपुर छ.ग.के द्वारा ग्राम चुनचुनिया प.ह.नं. 18 में स्थित भूमि ख.नं. 10/8 रकबा 0.506 हे. भूमि आवेदक के नाम से राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त आवेदित भूमि आवेदक के द्वारा अपनी परिवार की राजी खुशी से अपनी पैतृक भूमि को विक्रय किये जाने हेतु आवेदन किया गया है।

उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है जिसमें आगामी सुनवाई दिनांक 24/12/2025 को नियत है। अतः इस न्यायालय में उक्त तिथि को प्रातः 11 बजे उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की दशा में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 04/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**तहसीलदार
सरगांव, जिला-मुंगेली**

**न्यायालय तहसीलदार सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

मा.क्र.अ-6 अ/2024-25,
ग्राम सकरी मन.04 तहसील सकरी

प्रति
श्री अल फरहान पिता अहमद
महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर,
जिला बिलासपुर (छ.ग.)

आवेदक हलधर प्रसाद चन्द्राकर निवासी ग्राम हंसा लाईफ सिटी वार्ड क्र. 02 सकरी, तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा लेख किया गया है कि ग्राम सकरी मन 04 प.ह.नं. 45 रा.नि.म. व तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित 316/7 रकबा 2250 वर्गफिट भूमि आवेदक का नाम न दिखाकर अल फरहान पिता अहमद वर्ग सामान्य नगर निगम महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर के नाम एवं रकबा 1500 वर्गफीट दिखा रहा है। जिसे आनलाइन रिकार्ड में सुधार किये जाने हेतु आवेदन न्यायालय में पेश किया गया है।

इस संबंध में आपको आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा दिनांक 22/12/2025 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

**तहसीलदार
सकरी**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने महितोष सराफ पिता श्री छेदीलाल सराफ निवासी-सदर बाजार बिलासपुर द्वारा विक्रेता 1. श्री कृष्ण कुमार 2. श्री अशोक कुमार पिता स्व. ननकी निवासी कुम्हारपारा बिलासपुर के स्वामित्व की भूमि मौजा खमतराई, प.ह.नं. 25, रा.नि.मं. कोनी विकासखंड बिल्हा तह.व जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित खसरा नंबर 382, रकबा 0.129 हेक्टेयर, 0.33 एकड़ भूमि को खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना दिया जा चुका है तथा निकट भविष्य में पंजीयन किया जाना निश्चित हुआ है।

अतः जिस किसी भी उपरोक्त वर्णित भूमि पर किसी बैंक, सहकारी संस्था, शासकीय-अशासकीय निकाय एवं किसी प्रायवेट व्यक्ति का कोई हक व अधिकार निहित हो तो वे इस आम सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर अपने दस्तावेजों सहित आपत्ति दर्ज करायें। समयावधि पश्चात की गई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी। एवं भूमि पंजीयन हेतु स्वतंत्र होगी। अस्तु सूचना जानें।

**महितोष सराफ
पिता: श्री छेदी लाल सराफ
सदर बाजार बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 94069 - 44444
99817 - 40000**

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/ /वाचक/अति-कले/2025
बिलासपुर, दिनांक 11.11.2025

श्री राहूल सिंह आत्मज श्री विजय सिंह उम्र 32 वर्ष निवासी खानबाड़ी मगरपारा, थाना सिविल लाईन बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) कुमार निकिता फरवी आत्मजा श्री पुरूषोत्तम फरवी उम्र 25 वर्ष निवासी सांई मंदिर के सामने कालिका नगर तिफरा थाना सिरगिट्टी तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनांक 15.12.2025 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।



राहूल सिंह



निकिता फरवी

**विवाह अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)**

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH






## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

**पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री**




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"



**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

**ऑफिस आने पर मात्र ₹ 101/- फोन से परामर्श केवल ₹ 251/-**

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

**जब कही ना हों काम, तो हमसे लें समाधान**

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है



- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

**पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)**

मिलने का समय : सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +91 9755964567**

## खबर संक्षेप

### ईंट भट्ठा में जुआ खेलते पकड़े गए 6 जुआरी

**बिलासपुर।** पुलिस ने ईंट भट्ठा में दबिश देकर जुआ खेलते 6 जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया है। मोपका पुलिस सहायता केंद्र को सूचना मिली चिल्हाटी ईंट भट्ठा में जुआरी एकत्रित होकर जुआ खेल रहे हैं। पुलिस ने ईंट भट्ठा में दबिश देकर जुआ खेलते राजकुमार चंद्राकर गतौरा, देवेन्द्र शर्मा पुराना पावर हाउस तोरवा, उमाशंकर पटेल तोरवा, नितेश केसरी मन्नू चौक वैशाली अपार्टमेंट, रंजीत डोंगरे यदुनंदननगर, भरत लाल साहू मोपका निवासी को पकड़ लिया है। उनके पास से 12 हजार 400 रुपए जब्त किया गया है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### युवक से मारपीट, फरार दो युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शराब के लिए पैसा नहीं देने पर युवक से मारपीट करने वाले फरार दो युवकों को दो माह बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। 4 अक्टूबर को रतनपुर कर्रा निवासी दिलीप कुमार केंवट चिंगराजपारा शराब दुकान से शराब लेकर वापस आ रहे थे। इसी दौरान करन सूर्यवंशी, संजय सूर्यवंशी उनसे शराब पीने के लिए पैसा मांगने लगे। मना करने पर दोनों युवकों ने गाली गलौज कर दिलीप केंवट के साथ मारपीट कर शराब की खाली शीशी से हमला कर दिया था। पुलिस ने दिलीप कुमार केंवट की रिपोर्ट पर दोनों युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 119, 1, 296, 115, 2, 351, 2, 3, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया था। दो माह बाद 15 दिसंबर को पुलिस ने फरार हमलावर चिंगराजपारा निवासी करन सूर्यवंशी पिता दीपक सूर्यवंशी 25 साल, संजय सूर्यवंशी उर्फ संजू पिता स्व. रामफल सूर्यवंशी 19 साल को गिरफ्तार कर लिया है।

### तस्कर गिरफ्तार, पांच किलो गांजा जब्त

**बिलासपुर।** गांजा बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे तस्कर को



पुलिस ने पकड़ लिया है। उसके पास से 5 किलो 590 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। पुलिस ने तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि क्षेत्र में एक युवक संदिग्ध रूप से काले रंग के बैग में गांजा रखकर ग्राहक की तलाश करते हुए खड़ा हुआ है। उन्होंने स्टाफ के साथ मौके पर घेराबंदी करते हुए चकबतरा, मोहदा भिण्ड मध्य प्रदेश निवासी तरूण सिंह अर्गल उर्फ रितिक पिता दयाराम सिंह 23 साल को पकड़ लिया। बैग की तलाशी लेने पर अलग अलग पैकेट में 5 किलो 590 ग्राम गांजा मिला। जब्त गांजा की कीमत 66 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत गांजा जब्त कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

### आईटीआई कोनी में प्लेसमेंट कैम्प आज

**बिलासपुर।** आदर्श औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोनी में सुजुकी मोटर्स गुजरात प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 16 दिसंबर को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसमें भाग लेने 10वीं में न्यूनतम 40 % तथा आईटीआई में विभिन्न व्यवसाय मोटर मैकेनिक व्हीकल, मैकेनिक डीजल, ट्रैक्टर मैकेनिक, मशीनिस्ट, फिटर, इलेक्ट्रिशियन, वेल्डर, टर्नर, पेंटर, वायरमैन, टूल एंड डाई, शीट मेटल, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक, पीपीओ, सीओई (ऑटोमोबाइल) में न्यूनतम 50 प्रतिशत अनिवार्य है। 18 से 26 वर्ष के पुरुष अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे।

---

तखतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का मामला

अफसर नहीं उठा रहे पा रहे हैं कोई ठोस कदम, लोग हो रहे परेशान

# अस्पताल परोस रहा संक्रमण, बदहाली में जांच व इलाज कराने को मजबूर हो रहे लोग



आफिस में रखा शव।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तखतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बदहाली में संचालित हो रहा है। मातृ एवं शिशुओं को यहां इलाज के लिए आना पड़ता है, लेकिन जगह की कमी के चलते कई बार पोस्ट मार्टम के लिए शव को भी अस्पताल में रखा जाता है, जिससे बदबू आती है। कई बार महतारियों को ऐसे में ही इलाज कराना पड़ रहा है, लेकिन इसके बावजूद बीएमओ और बीपीएम जैसे अधिकारी ठोस कदम नहीं उठा पा रहे हैं।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए दुधमुंहे बच्चे, गर्भवती महतारी के अलावा बड़ी संख्या में मरीज पहुंते हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टीकाकरण,गर्भवती माताओं की जांच ऐसे कमरे में की जा रही है, जहां मरच्यूरी की तरह शव तक रखा जाता है। खास बात यह है कि गंभीर एक्सीडेंट, जहरखुरानी और अन्य कारणों से हो चुकी मौत के बाद यहां शव को रख दिया जाता है। ऐसे में उससे निकलने वाली दुर्गंध और संक्रमण का खतरा बना रहता है, लेकिन इसके बावजूद यहां आने वाले मरीज इलाज कराने को मजबूर होते हैं। यह शासन के नियमों का खुला उल्लघंन भी है। इलाज के लिए पहुंचने वाले मरीजों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बताया जा रहा है कि यहां से मरच्यूरी करीब 1 किमी की दूरी में है। ऐसे में पुलिस वाले जबरिया शव को अस्पताल पहुंचा देते है जबकि शव महज मरच्यूरी में ही रखी जा सकती है।




#### बन सकता है संक्रमण का कारण

नवजात शिशु, प्रसव उपरांत गर्भवती माताएं का इलाज अस्पताल में किया जाता है। इस दौरान उनकी रोगप्रतिरोधक क्षमता कम होती है। ऐसे शव ने निकलने वाले गंध, रोगाणुयुक्त खून से संक्रमण का बड़ा खतरा होता है। सरकारी अस्पताल में इस तरह की गंभीर लापरवाही दो वर्ष से चल रही है।



स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा इलाज।

#### अधिकारियों को नहीं लगती है भनक

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तखतपुर में समय-समय पर क्षेत्रीय विधायक का दौरा होता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,जिला कार्यक्रम प्रबंधक,विभिन्न योजनाओं के जिला प्रभारी अधिकारी हर माह स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर बैठक लेते है। बावजूद इसके बीएमओ और बीपीएम की कार्य प्रणाली पर किसी की नजर नहीं पड़ सकी है। स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन में निष्क्रियता साफ तौर पर दिखाई दे रही है।

#### शव रखना गंभीर लापरवाही

अस्पताल में किसी भी हाल में शव को नहीं रखना है। ऐसा किया गया है तो गंभीर लापरवाही है। इसके लिए अधिकारियों से जवाब लिया जाएगा। जहां तक मेरी जानकारी है पुलिस वालों के द्वारा सीधे शव अस्पताल लाया जाता है, लेकिन डाक्टर उसे मरच्यूरी भेजवा सकते हैं। ऐसी लापरवाही किसी अस्पताल में सामने नहीं आए, इसके लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।

-**डॉ शुभा गढेवाल**, सीएमएचओ, बिलासपुर

---

शहर के विभिन्न वार्डों से यहां कार्यक्रम संपन्न करने आते थे शहरवासी

# शहरवासियों के सुख-दुख के साथी जोरा तालाब ने ओढ़ी जलकुंभी की चादर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहरवासियों के सुख व दुख में वर्षों से भागीदारी निभाने वाले जोरा तालाब का अपना खुद का अस्तित्व आज संकट में है। तालाब ने पूरी तरह जलकुंभी की चादर ओढ़ ली है। कहने को तो तालाब लबालब है, लेकिन इस जलभराव में नाली का पानी भी शामिल है। पूरे शहर के लोग सुख व दुख के कार्यक्रम इसी तालाब के किनारे संपन्न करते थे। तालाब की गंदगी देखकर लोगों ने अब इस तालाब से दूरी बना ली है।

- **देखने लायक भी नहीं रह गई तालाब की स्थिति**

शहर में गिनती के तालाब रह गए हैं। मामा भांजा तालाब बेजा कब्जे की भेंट चढ़कर पूरी तरह पट चुका है। जतिया तालाब खुद बूंद बूंद पानी को तरस रहा है। अशोक नगर तालाब पाटा जा चुका था, जिसे हाल ही में प्रशासन ने खुदाई करवाकर वापस उसी हालत में लाया है, लेकिन यहां भी एक बूंद पानी नहीं है।

जोरापारा सरकंडा स्थित जोरा तालाब शहर का एकमात्र ऐसा तालाब है, जिसमें अभी लबालब पानी भरा है, लेकिन इसकी एक बूंद भी उपयोग के लायक नहीं है। तालाब में पूरी तरह जलकुंभी का कब्जा है और नाली का पानी आने के कारण तालाब पूरी तरह प्रदूषित हो चुका है। नगर निगम प्रशासन की उदासीनता एवं क्षेत्र के रहवासियों व उपद्रवी तत्वों के कारण साफ होने के बजाए तालाब में गंदगी बढ़ती ही चली गई है। आज इसका अस्तित्व होते हुए भी नहीं के बराबर रह गया है।

#### दशगात्र, पूजा-पाठ, मुंडन के लिए नहीं बची कोई जगह

शहर के बीच में लोगों के दशगात्र, समय-समय पर आने वाले तीज त्योहारों में होने वाले पूजा-पाठ व बच्चों के मुंडन के लिए लोग इसी तालाब में आते थे। पहले तालाब का पानी न केवल स्वच्छ था, बल्कि आसपास का वातावरण हराभरा व बैठने लायक था। अब तो न पानी उपयोग करने लायक है और न ही यहां आसपास लोगों के बैठने की जगह ही साफ सुथरी है। अब लोग सुख-दुख के कार्य संपन्न करने यहां नहीं आना चाहते। ऐसे में शहर के लोगों के पास अब सामाजिक कार्य संपन्न कराने के लिए कोई जगह ही नहीं रह गई है।



जोरापारा तालाब जलकुंभी से पटा, नहीं हो रही है सफाई।

#### आज तक खबर नहीं ली गई

तालाब के बारे में वार्ड के निवासी सत्येंद्र उपाध्याय ने बताया कि वर्ष 2003 में इस तालाब का पानी पीने के लिए भी उपयोग में लाया जाता था। धीरे-धीरे गंदगी बढ़ती गई और आज इसके आसपास भी लोग नहीं जाना चाहते। उन्होंने कहा कि समय-समय पर मुहल्ले के कुछ लोग मिलकर सफाई करते हैं, लेकिन अथाह जलकुंभी होने के कारण वो सफाई किसी काम नहीं आती। वार्ड के ही निवासी अभिषेक यादव ने बताया कि तालाब के किनारे 2003 में बोर कराया गया था, उसके बाद उसके चालू होने या नहीं होने की आज तक खबर नहीं ली गई। बीते 22 सालों में तालाब में सफाई या सौंदर्यीकरण जैसे कोई कार्य नहीं किए गए हैं। यही कारण है कि इतना उपयोगी तालाब पूरी तरह बर्बाद हो चुका है



सत्येंद्र उपाध्याय



अभिषेक यादव

#### जोरापारा चौक में नाली में धंसा लोहे का स्लैब, बड़ी दुर्घटना का इंतजार

मेनरोड से जोरापारा जाने वाले मार्ग पर नूतन चौक जाने वाले तिराहे में बड़ा नाला बनाया गया है। नाले के ऊपर लोहे के स्लैब डाले गए हैं, लेकिन वाहनों की लगातार आवाजाही से स्लैब पूरी तरह नाली में ही बैठ गया है। रात में आवागमन के दौरान दुपहिया वाहनों के नाले में गिरने व गंभीर चोट लगने का भय है। इतने बड़े नाले के क्षतिग्रस्त स्लैब पर निगम प्रशासन व कर्मचारियों की नजर नहीं पड़ना व सुधार नहीं होना समझ से परे है।

#### कई बार सफाई हुई हालत वहीः पार्षद

वार्ड क्रमांक 63 अरविंद नगर के पार्षद श्याम साहू ने बताया कि यह बात सही है कि पूरे शहर के सुख-दुख में काम आने वाला तालाब पूरी तरह दूषित हो गया है। श्री साहू ने बताया कि तालाब की स्थानीय स्तर पर कई बार सफाई कराई गई है, लेकिन हालत फिर वैसी ही हो जाती है। इस बार तालाब के व्यापक स्तर पर दो करोड़ खर्च कर सौंदर्यीकरण की तैयारी की जा रही है। इसके लिए रायपुर से सर्वे के लिए टीम भी आई थी। टीम के द्वारा फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी भी की गई है। बहुत जल्द ही तालाब के अपने पुराने स्वरूप में आने की उम्मींद है।

#### कंसल्टेंट टीम का सर्वे पूरा, जल्द होगा डेवलपमेंटः इंजीनियर

नगर निगम के इंजीनियर रमनदीप छाबड़ा ने बताया कि बीते दिनों रायपुर से एक कंसल्टेंट टीम तालाब के सर्वे के लिए आई थी। व्यापक सर्वे कर प्राजेक्ट तैयार किया गया है। इसके अंतर्गत तालाब के पानी को पूरी तरह खाली किए बगैर उच्च तकनीक के द्वारा पानी एवं जलकुंभी की सफाई की जाएगी। सर्वे में करीब दो करोड़ रूपए की योजना प्रस्तावित की गई है। कुल मिलाकर तालाब के जीर्णोद्धार के प्रयास प्रारंभ हो चुके हैं। हर हाल में तालाब को पहले की तरह स्वच्छ किया जाएगा।

---

चांटीडीह से इरानी बस्ती नहीं हटाने का विरोध

# कलेक्टोरेट गेट पर हनुमान चालीसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हिंदू समुदाय के लोगों ने नगर निगम प्रशासन पर बेजा कब्जा हटाने के अभियान में पक्षपात करने का आरोप लगाया है। इनका आरोप है कि मेलापारा चांटीडीह से बेजा कब्जा हटाने के नाम पर 50-60 साल से बसे हिंदू समुदाय के लोगों को बगैर मोहलत दिए बेदखल किया गया, लेकिन इरानी मोहल्ला को नहीं हटाया गया है। हिंदू समुदाय के लोगों ने कार्रवाई की मांग को लेकर सोमवार को बड़ी संख्या में कलेक्टोरट के गेट पर जमीन पर बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ किया।

- **हिंदू समुदाय का आरोप, 50 साल से बसे फिर भी हमें हटाया**

चांटीडीह की शासकीय भूमि में कुछ समय पहले नगर निगम प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई थी। हिंदू समुदाय के लोगों ने नगर निगम प्रशासन पर उक्त कार्यवाही में बहुत ज्यादा भेदभाव एवं पक्षपात करने का आरोप लगाया है। इनका कहना है कि यहां गरीब मजदूर वर्ग के लोग जो कि लगभग 50-55 वर्षों से निवास कर रहे थे, जिन्हें बिना मोहलत दिये बेदखल कर दिया गया। इसके विपरीत इरानी बस्ती के लोग जो कि शासकीय भूमि पर बेजाकब्जा कर बसे हैं, उनका बेजा कब्जा आज दिनांक तक नहीं हटाया गया है।

समान कार्रवाई की बात कहते हुए हिंदू समुदाय के लोगों ने कलेक्टोरेट गेट पर ही धरना दे दिया एवं कलेक्टर के गेट पर आकर शिकायत दूर करने का आश्वासन मिलने तक वहीं बैठे रहने की बात कही। उन्होंने सड़क पर ही बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। इस दौरान सड़क के दोंनो ओर जाम की स्थिति निर्मित हो गई थी।

#### जाति व धर्म देखकर न हो कार्रवाई

चांटीडीह एवं जबड़ापारा के क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन एवं नगर निगम प्रशासन से मांग की है कि शासकीय भूमि पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही सभी पर समान रूप से होनी चाहिए। धर्म देखकर भेदभाव नही होना चाहिए। नगर निगम प्रशासन की भेदभाव एवं पक्षपात पूर्ण कार्यवाही से सभी क्षेत्रवासियों में आक्रोश है।



कलेक्टोरेट गेट पर हनुमान चालीसा पढ़तीं महिलाएं।

### 31 तक करा सकते हैं रबी फसलों का बीमा

**बिलासपुर।** किसानों को रबी फसलों का बीमा 31 दिसंबर तक कराने अपील की गई है। इस संबंध में कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की जिला स्तरीय पर्यवेक्षण समिति की बैठक मंथन सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में चालू सीजन में रबी फसलों के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। इस माह की 31 तारीख तक बीमा आवेदन की अंतिम तारीख तय की गई है। बताया गया कि पिछले साल बीमित फसलों के एवज में 1 करोड़ 5 लाख रूपए की बीमा दावे का भुगतान लगभग 4 सौ किसानों को किया गया है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने मौसम की अनिश्चितता से फसल हानि से बचाने के लिए बीमा करा लेने की अपील किसानों से की है। उप संचालक कृषि ने बताया कि बिलासपुर जिले में एचडीएफसी अर्गो जनरल इन्श्यूरेंस कम्पनी को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

---

# यात्रियों की टिकिट जांच करने का निकला आदेश

**बिलासपुर।** एसईसीआर जोन में अहमदाबाद एक्सप्रेस के बाद अब फर्जी टिकिट का मामला जयपुर मंडल में भी आया है, जहां फर्जी टिकिट में सात यात्रियों को सफर करते हुए पकड़ा गया है।

इस तरह के मामले को गंभीरता से लेते हुए रेलवे बोर्ड ने सभी टीटीई स्टाफ को विशेष चेकिंग करने का आदेश दिया है, ताकि दूसरे यात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो सके। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार कुछ दिन पहले 12833 अहमदाबाद से नागपुर, रायपुर, बिलासपुर होकर हावड़ा जाने वाली अहमदाबाद एक्सप्रेस में टिकिट चेकिंग के दौरान गंभीर अनियमितता का मामला सामने आया। ड्यूटी करने वाले टीटीई इंद्रजीत ने दो यात्रियों को एक ही सीट पर दावा किए जाने की शिकायत पर जांच की तो मामला संदेहास्पद निकला। तत्काल सतर्कता बरतते हुए इंद्रजीत ने दोनों टिकिट को एचएचटी उपकरण से स्कैन कर सत्यापित किया, जिसमें एक टिकिट वास्तविक और दूसरा निष्क्रय पीएनआर के आधार परतैयार किया गया फर्जी ई-टिकिट निकला। पूछताछ में फर्जी ई-टिकिट रखने वाले यात्री ने बताया कि उसने नागपुर रेलवे स्टेशन पर एक अज्ञात व्यक्ति से टिकिट लिया था। जब यात्री ने टिकिट उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति से संपर्क करने कोशिश की, तो उसने मामला समझते ही अपना मोबाइल बंद कर दिया था। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि फ्लशड पीएनआर का उपयोग कर ई-टिकिट पीडीएफ को डिजिटल रूप से एडिट कर नकली टिकिट तैयार किया गया था। इसके बाद फर्जी टिकिट से सफर करने का मामला जयपुर मंडल में भी एआई के दुरुपयोग से होने का सामने आया।

- **एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों में विशेष चेकिंग**

### बिलासपुर-मड़गांव 20 से चार फेरा लगाएगी

**बिलासपुर।** दपूमरे के अनुसार 08241 बिलासपुर-मडगॉंव शीतकालीन स्पेशल ट्रेन 20, 27 दिसम्बर तथा 3 एवं 10 जनवरी को प्रति शनिबार को 14.45 बजे रवाना होगी और गाड़ी संख्या 08242 मडगांव-बिलासपुर शीतकालीन स्पेशल ट्रेन मडगांव से 22, 29 दिसम्बर तथा 5 एवं 12 जनवरी प्रत्येक सोमवार को 5.30 बजे छोड़ी जाएगी। इस गाड़ी का वाणिज्यिक ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर, भाटापारा, रायपुर, दुर्ग, राजनादगॉंव, गोंदिया एव नागपुर स्टेशनों में दिया गया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# बार के बाहर दो गुटों के बीच जमकर मारपीट

**बिलासपुर।** बीती रात बीयर बार के अंदर लड़की से बदतमीजी करने से विवाद शुरू हुआ, कुछ देर बाद बार के बाहर में दो गुटों में भिड़ंत हो गई, जिससे हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवती सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं अन्य युवक भाग गए हैं।

- **बार के अंदर युवती से बदसलूकी को लेकर हुआ विवाद**

सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बताया, 14 दिसंबर की रात एक युवती दोस्तों के साथ गुम्बर चौक इल्युम बार गई थी। बार के अंदर डांस करने के दौरान लल्ला नामक युवक युवती के साथ बदतमीजी करने लगा। जिसे लेकर युवती व लल्ला के बीच कहासुनी हुई। उसके बाद युवती दोस्तों के साथ बाहर निकल गई। कुछ देर बात लल्ला नामक युवक अपने साथियों के साथ बाहर निकला। उसी बात को लेकर दोनों गुटों के बीच फिर से नशे में विवाद शुरू हो गया। दोनों पक्ष गाली गलौज करते हुए एक दूसरे के साथ मारपीट करने लगे। जिससे बार के बाहर हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पेट्रोलिंग पार्टी मौके पर पहुंच गई। पुलिस को आते देख मारपीट करने वाले कार क्रमांक सीजी 10 एबी, 2617 में बैठकर भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस ने कार सहित एक युवती, तीन युवकों को पकड़ लिया। वहीं अन्य युवक भागने में कामयाब हो गए। पुलिस ने पकड़े गए शरद कुमार केंवट, ओम जायसवाल, राहुल गुप्ता व एक युवती व अन्य के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

**रात तक चल रहे बारः** पूर्व में पुलिस अधिकारियों के द्वारा बार में दबिश देकर देर रात तक बार खुलने पर कार्रवाई कर रही थी। कुछ समय तक छापेमारी के बाद कार्रवाई बंद हो गई। इसके चलते शहर में संचालित होने वाले पब, बार देर रात तक संचालित हो रहे हैं। इन पर कोई नियंत्रण नहीं है।

#### दो बार हो चुकी है चाकूबाजी

29 सितंबर 2025 को इल्युम बार युवती से छेड़खानी को लेकर बाहर में जमकर विवाद हुआ था। उसके बाद जरहाभाठा ओमनगर निवासी निलेश गेंदले के साथ सरकण्डा क्षेत्र में रहने वाले प्रशांत कश्यप, आयुष यादव, यश तिवारी, युवती ने मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया था। उसके बाद 1 अक्टूबर 2025 को सिविल लाइन क्षेत्र के सिल्वर ओक बार में डांस के दौरान युवती से धक्का मुक्की होने पर बार के बाहर मंझवापारा निवासी निलेश लहरे व राहुल डाहिरे, अमितेश कारे के साथ युवकों ने मारपीट करते हुए राहुल डाहिरे पर चाकू से हमला कर दिया गया था।

